नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 219 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ :8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 18 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



बाल अधिकार संरक्षण आयोग स्थापना दिवस के अवसर पर ... पेज -3 पर



ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के स्थानांतरण को रोकने ग्रामीणों ने बीएमओ .. पेज -8 पर

## एक नजर

### राज्यपाल को जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित



**रायपुर** ।राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में श्री जगन्नाथ सेवा समिति रायपुर के अध्यक्ष श्री पुरन्दर मिश्रा ने सौजन्य मुलाकात की। श्री मिश्रा ने राज्यपाल सुश्री उइके को आगामी 01 जुलाई को आयोजित होने वाले जगन्नाथ रथयात्रा में छेरा-पहरा के प्रथम सेवक के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने राज्यपाल सुश्री उइके को परंपरागत वस्त्र भेंट किया और भगवान श्री जगन्नाथ का प्रसाद 'मड़ा' व 'खाजा' भी दिया।

### मोहन मरकाम कोंडागांव में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए

**रायपुर** । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मोदी भाजपा सरकार के द्वारा की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही के विरोध में एवं एआईसीसी मुख्यालय में घुसकर की गई बल प्रयोग, क्रूरता, बेरहमी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के 307 ब्लॉक संगठनों में धरना प्रदर्शन कर विरोध किया गया।

# मुख्यमंत्री ने तेलघानी नाके के समीप रेलवे अंडरब्रिज का किया लोकार्पण

## समता कॉलोनी, अग्रसेन चौक से गुढ़ियारी, रामनगर, हीरापुर आवागमन हुआ सुविधाजनक

## मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा कर रामनगर के निवासियों ने आभार जताया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अग्रसेन चौक से रामनगर मार्ग पर तेलघानी नाका के निकट रेलवे अंडर ब्रिज का फीता काटकर लोकार्पण किया और आवागमन सुविधा की सौगात के लिए लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तेलघानी नाका की ओर से रामनगर तक पैदल चलकर नवनिर्मित अंडर ब्रिज की गुणवत्ता एवं सौदर्यीकरण का मुआयना किया। इस अवसर पर रामनगर वासियों ने मुख्यमंत्री का बहुत ही उत्साह पूर्वक स्वागत सम्मान किया और उन पर फूल बरसाकर आभार जताया। इस अंडर ब्रिज के शुरू हो जाने से समता कॉलोनी, अग्रसेन चौक से गुढ़ियारी रामनगर, हीरापुर आने-जाने वालों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित इस अंडर ब्रिज की लंबाई 272 मीटर और चौड़ाई 7.5 मीटर है। रामनगर निवासी श्री राधेश्याम कश्यप और श्री प्रेम कुमार लोधी ने बताया कि इस रेलवे अंडर ब्रिज के पूर्ण होने का बहुत दिनों से इंतजार था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के हाथो लोकार्पण होने से लोगों में हर्ष का माहौल है। अब लोगों को ओवरब्रिज का लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा।



# आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, विधायक लालजीत सिंह राठिया क्यों है मौन ?

## बिना भू-अर्जन कराये ठेकेदार कर रहा आदिवासियों के भूमि पर निर्माण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





### स्थानीय प्रशासन की भ्रष्टाचार पर मौन स्वीकृति

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में गरीब आदिवासियों के साथ निर्माण एजेंसी खुलकर अत्याचार करने में तुला हुआ है। और स्थानीय प्रशासन मौन धारण कर तमाशा देख रहा है। आज हम बात कर रहे हैं धरमजयगढ़ जय स्तंभ चौक से कापू तक कुल 32.5 किलोमीटर सड़क निर्माण का। निर्माण एजेंसी द्वारा शासन के नियम को ठेंगा दिखाते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क के अगल-बगल में गरीब आदिवासी किसानों की जमीन होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा भू-अर्जन प्रक्रिया को पूरा किये बिना निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। मजेदार बात है कि स्थानीय विधायक लालजीत सिंह राठिया भी इस मामले में चुप्पी साधे बैंठे हैं। जबकि विधायक राठिया को लगातार दूसरी बार भारी बहुमत से क्षेत्र की जनता जीत दिलाकर विधान सभा भेजा है ताकि क्षेत्र का विकास के साथ-साथ इस तरह के अत्याचार करने वालों पर लगाम लगे। लेकिन विडंबना देखिए कि आज विधायक राठिया कि विधान सभा क्षेत्र में खुलकर ठेकेदार द्वारा आदिवासियों के साथ अत्याचार किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को सब कुछ मालूम होने के बाद भी निर्माण एजेंसी को खुलकर भ्रष्टाचार करने की छूट दे रखा है। हम आपको बता दे निर्माण एजेंसी के ठेकेदार द्वारा गरीब आदिवासी किसानों के साथ अत्याचार तो कर रहे है और प्रशासन इन निर्माण एजेंसी को लाभ भी पहुंचा रहे हैं। शासन के नियमानुसार ग्राम पंचायत से ग्राम सभा में प्रस्तव पास होना अनिर्वाय है लेकिन इस निर्माण कार्य में एक भी ग्राम पंचायत से ग्राम सभा पास नहीं हुआ है। इसके बाद फर्जी तारीके से ग्राम सभा पास करवाया जा रहा है और इनका साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा दिया जा रहा है।

फर्जी ग्राम सभा के कोरम पूरा करवाने का जिम्मा अधिकारियों द्वारा अपने पटवारियों को दिया गया है। ताकि पटवारी गांव-गांव घूम-घूमकर फर्जी हस्ताक्षर करवाकर शासन को भेजे ताकि इनका प्रस्तव पास हो सके। विडंबना है कि हम जिसे अपना प्रतिनिधित्व बनाकर रायपुर भेजे हैं वो भी इन निर्माण एजेंसी के सामने बौना साबित हो रहे हैं? और क्षेत्र की किसानों की न सूनकर भ्रष्टाचार करने वालों की सून रहे हैं, तो क्षेत्र की गरीब आदिवासी लाचार किसान अब क्या करें चुप चाप ठेकेदार का अत्याचार सहन करने को मजबूर हो रहे हैं। हम आपको बात दे खरसिया से पत्थलगांव सड़क निर्माण का ठेका भोपाल की एक कंपनी को दिया गया है, इनके द्वारा भी निर्माण कार्य में खुलकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है इन ठेकेदार से अगर निर्माण में की जा रही अनियमितता की बात करते हैं तो से सीधे बोलते हैं कि हम तो कल ही विधायक जी से मिलकर आये हैं विधायक जी बोले हैं कोई परेशानी हो तो हम से बात करें। तो क्या विधायक जी को 2023 विधानसभा चुनाव में ये ठेकेदार मतदान कर जीत दिलायेंगे। अब देखने वाली बात है कि ऐसा बोलने वालों पर विधायक लालजीत सिंह राठिया क्या एक्शन लेते हैं?



# सरगुजा में शिव मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर बवाल

### दुकानें बंद; भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, पहुंचे अधिकारी

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के बतौली अंतर्गत शांतिपारा में नैशनल हाइवे के किनारे स्थित शिव मंदिर में बीती रात शिवलिंग एवं नंदी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने एवं तोड़फोड़ के बाद शुक्रवार को तनाव की स्थिति बन गई।

जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। हिंदूवादी संगठनों ने इसके विरोध में बंद का आह्वान करते हुए एनएच-43 पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर एएसपी, एसडीओपी एवं एसडीएम सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। लोगों को समझाइश देकर शांत कराया गया। अब अज्ञात लोगों के खिलाफ बतौली थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के किनारे शांतिपारा में स्थित वर्षों पुराने शिव मंदिर में शुक्रवार सुबह जब लोग मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो सालों पुराने मंदिर में तोड़फोड़ एवं मूर्तियां व शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली। इसकी सूचना मिलते ही हिंदूवादी संगठनों के लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए।

# वनांचल में हरियाली और लोगों की आय वृद्धि में नरवा विकास महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए आज सरफेस वाटर और भूमिगत जल को सहेजने की बहुत आवश्यकता है।

उन्होंने नरवा योजना के अंतर्गत किए जा रहे हैं भू जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने की। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में वन विभाग द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'नरवा विकास' के तहत वर्ष 2022-23 में प्रदेश के 40 वन मंडलों में कैम्पा मद से 300 करोड़ 52 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश में वर्ष 2020 में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए 432 समितियों के 4 लाख 72 हजार संग्राहकों को 34 करोड़ 41 लाख रुपए की राशि प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित भी की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में वन वृत्त स्तर पर रायपुर, बिलासपुर, कांकेर, जगदलपुर और सरगुजा में वनोपजों और उत्पादों की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए स्थापित प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया।

# केंद्र के पाप की गठरी राज्य के सिर पर रख रहे हैं बृजमोहन - कांग्रेस

**रायपुर** । प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और सांसद सुनील सोनी की पत्रवार्ता पर पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा अपनी केंद्र सरकार के पाप की गठरी राज्य सरकार के सिर पर रखने की ओछी राजनीति कर रही है। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की बजाय कटौती कर रही है। जून माह में भी काफी कम खाद की आपूर्ति की गई है। राज्य के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने केंद्रीय कृषि और रसायन उर्वरक मंत्री को पत्र लिखकर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने आग्रह किया है। स्थानीय सांसद सुनील सोनी सहित भाजपा के सभी सांसद दिल्ली में चुप्पी साधे रहते हैं और यहां घटिया राजनीति करते हुए राज्य सरकार पर अनर्गल आरोप लगाते हैं।

# वन अधिकार मान्यता पत्रधारियों को दिलाएं योजनाओं का लाभः मंत्री डॉ. टेकाम

### रायपुर और दुर्ग संभाग में 62 आदर्श छात्रावास-आश्रमों का होगा उन्नयन

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा है कि वन अधिकार मान्यता पत्र धारियों को उनकी भूमि पर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इन्हें मनरेगा योजना से जोड़कर रोजगार मूलक कार्य कराए जाएं। मनरेगा के तहत वन अधिकार मान्यता पत्र धारियों को लाभ दिलाने के लिए जिला अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही प्रत्येक वन समिति को कम से कम एक सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र स्वीकृत करने का लक्ष्य दिया जाए। व्यक्तिगत वन अधिकार की समीक्षा कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में रायपुर और दुर्ग संभाग में 62 आदर्श छात्रावास-आश्रमों का उन्नयन किया जाना है। इसके लिए 19 करोड़ 68 लाख 54 हजार रूपए की राशि आबंटित की गई है। डॉ. टेकाम आज मंत्रालय में रायपुर और दुर्ग संभाग के सहायक आयुक्तों की बैठक लेकर विभाग के काम-काज की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास श्री डी.डी. सिंह, आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा

# राहुल को आईसीयू से वार्ड में किया गया शिफ्ट

**रायपुर।** बोरवेल के गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकाले गए राहुल साहू का उपचार अभी बिलासपुर के अपोलो हॉस्पिटल में जारी है। जिसे लेकर शुक्रवार शाम अस्पताल की ओर से बुलेटिन जारी किया गया जिसके अनुसार खतरा अभी टला नहीं, राहुल की जंग अभी इंफेक्शन से जारी है।

अपोलो अस्पताल ने शाम में मेडिकल बुलेटिन जारी किया है। एक्सपर्ट डॉ. सुशील कुमार ने राहुल के मेडिकल बुलेटिन की जानकारी मीडिया को देते हुए। बताया कि राहुल के बॉडी में बैक्टीरिया स्किन के जरिए खून में प्रवेश कर गया है। राहुल के खून में सिडोमनास नामक बैक्टीरिया की पहचान हुई थी। बैक्टेरिया लीवर, खून और मशल्स में भी असर कर रहा था। जिसका उपचार चल रहा है। इसका दोबारा टेस्ट कराया गया, जिसमें रिपोर्ट बेहतर है, किंतु नार्मल नहीं है।

## राजनीति...

## मुझसे ज्यादा सुरक्षा डॉ. रमन के पास

# 4 ब्लॉक के नक्सलियों को 14 जिलों तक पहुंचाने में पूर्व सीएम का हाथ- सीएम

रायपुर। राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई, दिल्ली के कांग्रेस भवन को सील करने और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के ट्वीट नक्सल प्रदेश को लेकर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल काफी आक्रमक तेवर में दिखे।



भूपेश ने कहा कि ईडी जितनी बार पूछताछ करना चाहे पूछे, लेकिन दुरुपयोग क्यों? कांग्रेस भवन को आप सील करके रखे थे। नेता आ नहीं पा रहे थे। जा नहीं नहीं पा रहे थे। हम लोगों को रोका गया। मुझे भीड़-भाड़ वाली जगह पर बीच रास्ते में एक घंटे रोक दिया गया था। मैंने कहा मैं नक्सल प्रभावित राज्य से आता हूं। मेरी सुरक्षा जेड प्लस की है। आखिर क्यों रोका गया। इस पर डॉ. रमन ट्वीट कर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझसे ज्यादा सुरक्षा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के पास है। उन्हें सुरक्षा हटाने लिखकर देना चाहिए। भूपेश बघेल ने कहा कि मैं कहता हूं मुझे सुरक्षा की कोई जरूरत नहीं है। न ही जेड प्लस सिक्योरिटी चाहिए और न ही बुलेट प्रूफ कार चाहिए। मैं बुलेटप्रूफ गाड़ी में नहीं चलना चाहता, लेकिन बाध्यता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ट्वीट करते है कि मैं छत्तीसगढ़ को बदनाम कर रह हूं। छत्तीसगढ़ में 4 ब्लॉक के नक्सलियों को 14 जिलों में करने में आपका हाथ था। यदि आपको लगता है तो मुझसे ज्यादा सुरक्षा आपके पास है। आप सुरक्षा हटा दो। लिखकर दे दो कि मुझे सुरक्षा की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझसे ज्यादा सुरक्षा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के पास है। सुरक्षा हटावा दो। सीएम भूपेश बघेल दिल्ली में कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए थे। सोमवार को उन्हें हिरासत में लिया गया था। मंगलवार को उन्हें दिल्ली पुलिस ने एक घंटे तक सड़क पर रोक दिया था। सीएम बघेल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए ट्विटर पर लिखा था कि मैं अपने घर में इनसे पूछकर जाऊंगा? मैं अपने कार्यालय इनसे पूछकर जाऊँगा? मैं नक्सल प्रदेश से आता हूं, मुझे + सुरक्षा है। मुझसे कह दिया जाता है कि सिर्फ एक सुरक्षाकर्मी लेकर जाएंगे। मुझे बीच सड़क पर एक घंटे तक रोक दिया जाता है। आखिर साजिश क्या है? इस पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि भूपेश बघेल जी! गांधी परिवार की जितनी सेवा करनी है कीजिए, लेकिन अपनी गंदी राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ को बदनाम मत कीजिए।

# खाद्यमंत्री अमरजीत भगत की तबीयत बिगड़ी

### मिशन अस्पताल में भर्ती, 2 चिकित्सक कर रहे निगरानी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की तबीयत अचानक बिगड़ गई। देर रात उन्हें अंबिकापुर के मिशन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



भगत डॉक्टरों की निगरानी में है। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है। खाद्यमंत्री अमरजीत भगत अपने गृह जिले सरगुजा में सामान्य कार्यक्रमों में शामिल हो रहे थे। बुधवार एवं गुरुवार को उनका व्यस्त कार्यक्रम था। बुधवार को वे आषाढ़स्य प्रथम दिवसे के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। मंत्री भगत ने गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को यूनिफॉर्म बांटी।

इस दौरान शाम होते-होते उन्हें कमजोरी और थकान की दिक्कत हुई तो एक चिकित्सक से उन्होंने दवाएं ली थीं और अपने घर पर आराम कर रहे थे। बताया गया है कि देर रात लगभग 2 बजे उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हें मिशन अस्पताल में दाखिल कराया गया। मिशन अस्पताल में 2 चिकित्सक उनकी लगातार निगरानी कर रहे हैं। मंत्री अमरजीत भगत के अस्पताल में दाखिल होने की सूचना पर शुक्रवार सुबह मिशन अस्पताल में समर्थकों एवं शुभचिंतकों की भीड़ लग गई।

# कहीं कृषि कानूनों की तरह न हो जाए अग्निपथ का हश्र, आखिर हिंसक विरोध का क्या औचित्य?

केन्द्र सरकार द्वारा सेना में अस्थायी सैनिकों की भर्ती को लेकर हाल ही में लागू अग्निपथ योजना का बिहार सहित देश के सात राज्यों में जिस तरह से हिंसक विरोध जारी है, उससे यह सवाल उठने लगा है कि क्या इस योजना का हश्र भी कहीं कृषि कानूनो की तरह तो नहीं होगा? इसका एक बड़ा कारण योजना के विरोध के पहले दिन ही सरकार का बैकफुट पर जाकर अग्निवीर भर्ती की अधिकतम आयु सीमा 21 से बढ़ाकर 23 साल करना है। हालांकि यह केवल एक साल के लिए ही किया गया है।

इसके पीछे तर्क दिया गया कि कोरोना काल में सेना में भर्ती न हो पाने की वजह से ऐसा किया गया है। लेकिन यह प्रावधान तो योजना लाते समय ही किया जाना चाहिए था। दो साल से सेना में भर्तियां नहीं हुई हैं, यह तो सरकार को पहले से मालूम था। अगर युवाओं का यह हिंसक प्रदर्शन (जो प्रायोजित भी हो सकता है) ऐसे ही जारी रहा तो मुमकिन है कि योजना में और भी संशोधन होते चले जाएं। हालांकि सरकार अभी ज्यादा समझौते के मूड में नहीं दिख रही है। क्योंकि ज्यादा परिवर्तन का अर्थ योजना की भ्रूण हत्या ही होगा।

दूसरी तरफ भारी विरोध प्रदर्शन पर उतरे युवाओं को समझाने का भी कहीं कोई ठोस प्रयास होता नहीं दिख रहा है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जरूर ट्वीट किया कि अग्निवीर के रूप में सेना की नौकरी 'मां भारती की सेवा का अपूर्व अवसर है। लेकिन इस पर प्रतिप्रश्न यह हुआ कि मां भारती की सेवा का सुअवसर महज चार साल के लिए ही क्यों, 17 साल के लिए क्यों नहीं?

बेशक अग्निपथ योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। कहा जा रहा है कि वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने इसे काफी मेहनत और सोच समझ कर तैयार किया है। योजना के तहत इस साल 46 हजार अग्निवीरों की भर्ती की जानी है। बताया जा रहा है कि यह सेना को ज्यादा युवा और सक्षम बनाने के अभियान का अहम हिस्सा है। साथ ही सेना के कई दूसरे खर्चों को बचाकर उसे ज्यादा आधुनिक और स्मार्ट बनाने पर अधिक राशि खर्च करना है। योजना के अंतर्गत सेना के तीनों अंगो में सैनिक स्तर पर अब अग्निवीरों की ही भर्ती होगी। भर्ती की न्यूनतम आयु साढ़े 17 वर्ष और शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास है। अग्निपथ दरअसल देशव्यापी शॉर्ट-टर्म यूथ रिक्रूटमेंट स्कीम है। पहली भर्ती प्रक्रिया में युवाओं को छह महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह अवधि सेवा के कुल चार साल में शामिल होगी। हर अग्निवीर को भर्ती के पहले साल 30 हजार रू. महीना तनख्वाह मिलेगी। इसमें से 21 हजार रू. उसे वेतन के रूप में मिलेंगे और बाकी 9 हजार रू. अग्निवीर कॉर्प्स फंड में जमा होंगे। फंड कांट्रीब्यूटरी होगा, जिसमें इतनी राशि सरकार भी डालेगी।




> अग्निपथ योजना मामले में भी जिस तेजी से युवाओं में प्रतिरोध फैला, बड़े पैमाने पर तेजी से इकट्ठा होकर युवा सड़कों पर उतर आए और हिंसा भी शुरू कर दी, यह बिना किसी नेटवर्क के संभव नहीं है। सोशल मीडिया की इसमें बहुत बड़ी और नकारात्मक भूमिका है।

दूसरे साल अग्निवीर की तनख्वाह बढ़कर 33 हजार, तीसरे साल 36.5 हजार तो चौथे साल 40 हजार रुपये हो जाएगी। फंड की राशि तथा ब्याज के रूप में जमा 11.71 लाख रू. उसे नौकरी से बाहर होते समय मिलेंगे। साथ ही सेवा के दौरान शहीद होने या दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद का मिलेगी। शहीद के परिवार को सेवा निधि समेत एक करोड़ से ज्यादा की राशि ब्याज समेत दी जाएगी। साथ ही शेष सेवा अवधि का वेतन भी दिया जाएगा। कुल अग्निवीरों में से एक चौथाई को अच्छे रिकॉर्ड के आधार पर सेना में पक्की नौकरी दी जाएगी।

पहली नजर में यह योजना आकर्षक लगती है, क्योंकि आजकल दसवीं पास के लिए 30 हजार की नौकरी मिलना मुश्किल ही है। भर्ती युवा सेना अनुशासन, शस्त्र संचालन और युद्ध कला की ट्रेनिंग लेंगे।

नौकरी से बाहर होने के बाद वो दूसरी नौकरियों में भी जा सकेंगे। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि सेवा मुक्त अग्निवीरों को केन्द्रीय सशस्त्र बलों और पुलिस आदि की नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी।

वर्तमान में सेना में एक सैनिक की पक्की नौकरी भी साढ़े 17 साल की होती है। लेकिन उसे आजीवन पेंशन और साथ ही तमाम दूसरी सुविधाएं भी मिलती रहती हैं। मोटे पर योजना अच्छी होने के बाद भी युवा इसका विरोध क्यों कर रहे हैं, यह बड़ा सवाल है? इसका सबसे ज्यादा हिंसक रूप बिहार में देखने को मिल रहा है। वहां भारी तोड़फोड़ हो रही है। रेल गाड़ियों को आग लगाई जा रही है। कोई किसी की नहीं सुन रहा।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### भारत बदल गया!

बदलने का अर्थ है 140 करोड़ लोगों के दिमाग का बदलना। बुद्धि का जड़ होना। जिंदगी के हर मामले में मार्केटिंग, झांकियों, झूठ, इलहाम, भक्ति, इबादत, धर्म की पुरानी इतिहास अवस्था वाला व्यवहार। हिंदू हो या मुसलमान या कोई और धर्मावलंबी या सेकुलर, भारत में सभी के दिमाग अब बिना आप्शन और विचार के हैं। हिंदू दिमाग में धर्म के अलावा कुछ नहीं तो मुसलमान की मनोदशा भी ऐसी ही। लोगों को न वर्तमान की सुध है और न भविष्य की। जिंदगी की सच्चाईयों, समझदारी, ज्ञान-विज्ञान आधुनिकता, वैज्ञानिकता, विकल्पों का तो खैर सवाल ही नहीं। उस नाते नरेंद्र मोदी, भाजपा सरकार और संघ परिवार सचमुच कामयाब है। भारत का जन-जन नई दिमागी अवस्था में है। धर्म ने दिमाग में बाकी सभी चीजों की सफाई कर दी है। ब्रेनवाश की यह अवस्था हिंदू और मुसलमान दोनों में समान गहराई से है। सब मोटा-मोटी यह ख्याल बनाए हुए हैं कि हमें धर्म के लिए लड़ना है। बताना है कि हम अधिक धार्मिक हैं। धर्म ही जीवन, धर्म ही समाज, धर्म ही आर्थिकी, धर्म ही राजनीति और धर्म से ही रक्षा तथा आन-बान-शान है! इसलिए भारत का हर शहर, हर कस्बा, और हर गांव लोगों की इस दिनचर्या में जीता हुआ है कि आज का दिन धर्म-कर्म पर क्या व्हाट्सएप चर्चा लिए हुए है। हिंदू क्या करता हुआ है तो मुसलमान क्या? हम कम नहीं हैं। बता देंगे इनको इनकी औकात। एक छोटे शहर की दिनचर्या में लोगों का ऐसे कितना सोचना हो गया है, इसका हाल में मैंने प्रत्यक्ष अनुभव लिया। हर बात का अंत हिंदू और मुसलमान में मिला।

# कितना संतोषजनक रहा अब तक का सत्र?

विधायिका की तीन मुख्य जिम्मेदारियां होती हैं, कानून बनाने के लिए विधेयक पारित करना, जनहित के मुद्दों पर चर्चा करना और सरकार की जवाबदेही तय करना। संसद विधायी कामकाज पर चर्चा के अतिरिक्त प्रश्न काल, शून्यकाल, महत्वपूर्ण विषयों पर संसदीय नियामवली के अनुसार चर्चा और ध्यानाकर्षण के जरिए अपना मुख्य दायित्व निभाती है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 303 सीटें मिली और पूर्ण बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी लगातार दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने।

17 जून 2019 को 17वीं लोक सभा की पहली बैठक हुई थी। इस लिहाज से देखें तो 17वीं लोक सभा के तीन साल पूरे हुए हैं और बीते तीन सालों में कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के बावजूद हमने संसद की सुनहरी तस्वीर देखी है जो भारत में संसदीय लोकतंत्र की मजबूती को दर्शाता है। 17वीं लोक सभा के तीन साल के आकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। 17वीं लोक सभा के आठ सत्रों में कार्य उत्पादकता 106 प्रतिशत रही है जो 14वीं,15वीं और 16वीं लोक सभा के पहले तीन सत्रों से बहुत ज्यादा है। कानून बनाना लोकसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। इसी से जनहित की बेहतर नीतियां लागू होती हैं और जनप्रतिनिधि अपनी भूमिका के साथ न्याय करते हैं। इस लिहाज से 17वीं लोकसभा के बीते तीन साल काफी महत्वपूर्ण रहे हैं। इन तीन वर्षों में लोक सभा में 139 विधेयक पेश हुए, जबकि 149 विधेयक सदन से पारित हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 35 विधेयक 17वीं लोक सभा के पहले सत्र में पारित हुए थे। 17वीं लोक सभा के पहले ही सत्र में भाजपा के एजेंडे में सबसे ऊपर रहे जम्मू कश्मीर में धारा 370 को हटाने और तीन तलाक कानून पर संसद की मोहर लग गई।




> 17वीं लोक सभा के पहले सत्र में शून्यकाल का जितना उपयोग किया गया शायद ही कभी किया गया हो। 37 दिनों के कामकाज में 1066 मुद्दों को सांसदों ने शून्यकाल के दौरान उठाए जो एक रिकॉर्ड है।

धारा 370 हटाना मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, क्योंकि जनसंघ से भाजपा तक के सफर में यह उनके कार्यकर्ताओं की बीच सबसे बड़ा भावनात्मक मुद्दा था। अगर हम 17वीं लोक सभा में पारित कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों की बात करें तो

जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, नागरिकता (संशोधन) विधेयक, इनसॉल्वेंसी और बैंकरप्सी संहिता (संशोधन) विधेयक, ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक, विदेशी अंशदान (विनियमन) विधेयक, चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) विधेयक और दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक जैसे महत्वपूर्ण बिल संसद से पारित होकर कानून की शक्ल ले चुके हैं। हालांकि तीनों कृषि कानून, जो साल 2020 के मानसून सत्र में संसद से पारित हुए थे उसे किसानों के भारी विरोध के कारण वर्ष 2021 के शीतकालीन सत्र में कृषि कानून रिपील विधेयक लाकर निरस्त कर दिया गया। 17वीं लोक सभा की शुरुआत ऐतिहासिक पहले सत्र के साथ हुई जिसमें रिकार्ड 35 विधेयक पारित हुए थे और कुल 37 बैठकों में 280 घंटे कामकाज हुआ। गौरतलब है कि पहले सत्र में एक भी मिनट व्यवधान से बाधित नहीं हुआ बल्कि 73 घंटे समय से ज्यादा बैठकर सांसदों ने विधायी कामकाज को निपटाया। ऐसा नहीं कि 17वीं लोक सभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की वजह से सदन का कामकाज बाधित न हुआ हो। अब तक 17वीं लोक सभा के आठ सत्रों में हुए कुल 176 बैठकों में 995 घंटे का कामकाज हुआ है और गतिरोध की वजह से 138 घंटे बर्बाद हुए हैं।

सूरज मोहन झा

## मिला जुला

# 8 लाख ईनामी मिलिट्री कंपनी नं. 1 की हार्डकोर सहित 2 महिला नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### मिलिट्री कंपनी नं.1 सदस्य माड डिवीजन एवं पालाचलमा एलओएस सदस्य रही 2 महिला नक्सलियों का आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

दंतेवाड़ा/नारायणपुर उड़ीसा राज्य की कई बड़ी नक्सली घटनाओ में रहीं हैं शामिल। किस्टाराम एलओएस सदस्य जिला सुकमा के भेजी कोत्ताचेरू एम्बुश, बुरकापाल एम्बुश में रहीं हैं शामिल। मिलिट्री कंपनी सदस्य को आत्मसमर्पण कराने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा एवं एलओएस सदस्य को आत्मसमर्पित कराने में डीआरजी भेजी 1,2 एवं 50 वाहिनी सीआरपीएफ का रहा विशेष प्रयास। जिला सुकमा में सुंदरराज पी.पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर छग, योज्ञान सिंह उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन सुकमा के मार्गदर्शन व सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, किरन चव्हाण अति.पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स,सुकमा, के निर्देशन तथा सचिन्द्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा, गिरिजाशंकर साव उप पुलिस अधीक्षक कोंटा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह,नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के मिलिट्री कंपनी नं. 01, प्लाटून नें 02 सेक्शन, कमांडर माड डिवीजन में सक्रिय रूप से कार्यरत हार्डकोर महिला नक्सली रनिता उर्फ कोसी पीपीसीएम, निवासी थाना भेजी क्षेत्र एवं किस्टाराम एलओएस सदस्य के पद पर रही मडकम पोज्जे द्वारा शुक्रवार को नक्सल आपरेशन कार्यालय में योज्ञान सिंह उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ सुकमा रेंज, सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुकमा एवं ओम चंदेल, अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया हैं। आत्मसमर्पित कंपनी नं 01 सदस्या रनिता का संक्षिप्त विवरण संगठन में धारित अंतिम पद मिलिट्री कंपनी नं. 01, प्लाटून नं. 02, सेक्शन ए,कमांडर पीपीसीएमएमाड डिवीजन ईनामी 08 लाख छग शासन द्वारा संगठन में कार्यअवधि विवरण वर्ष 2006 05 माह, डब्बाकोंटा केएएमएस सदस्य वर्ष 2006-2009 कंपनी नं 3 सदस्य कमांडर हिडमा हथियार सिंगलसाट वर्ष 2009-2012 दक्षिण बस्तर बटालियन नं. 01, कंपनी 01 सदस्य कमांडर हिडमा,हथियार 303 राय वर्ष 2013-2017 कंपनी नं. 01, प्लाटून 03ए सेक्शन बी सदस्य हथियार इंसास कंपनी नं. 01, प्लाटून 02, सेक्शन, कमांडर पीपीसीएम वर्ष 2017 से अब तक एवं पुनर्वास योजना के तहत अन्य सुविधा हेतु नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है।



> * छ.ग. शासन ने क्रमश: 8 लाख एवं 1 लाख की ईनाम घोषित की
>
> * मिलिट्री कंपनी सदस्या वर्तमान जिला सुकमा के ताडमेटला 76 जवान शहीद, सहित

# केंद्र सरकार के विरोध में सुकमा कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रर्दशन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

बसस्टैण्ड परिसर मे कांग्रेसीयो ने धरना प्रर्दशन कर केंद्रसरकार का कड़ा विरोध करते हुए कहा वर्तमान केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राजनैतिक विद्वेषवश सत्ता के ताकत का दुरूपयोग करते हुए केन्द्रीय एजेन्सियों जैसे प्रवर्तन निदेशालय सीबीआई आयकर सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं के विरूध्द असंवैधानिक रूप से दबावपूर्वक कार्यवाही करते हुए डराने व दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका हम कांग्रेसजनों ने बसस्टैण्ड स्थित पंडाल में कड़े शब्दों में विरोध करते हुए कहा की पिछले तीन दिनों से केन्द्र सरकार ने पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं को कार्यालय में प्रवेश की अनुमति के बिना अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय को किले के रूप में बदल दिया है। पुलिस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ बेरहमी के साथ मारपीट कर रही है। सत्य की इस लड़ाई के लिए सत्याग्रह शांतिपूर्ण प्रर्दशन और एकजुटता को कुच ने के लिए केन्द्र सरकार कूरतापूर्वक दल का प्रयोग कर रही है, जिसका हम कड़ी निंदा करते हुऐ ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए देश में लोकतांत्रिक व प्रजातांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने हुऐ दबावपूर्वक कार्यवाही पर रोक लगाये जाने तथा एआईसीसी मुख्यालय में घटित उक्त मामले को संज्ञान में लेकर प्रकरण पर हस्तक्षेप करते हुए केन्द्र सरकार को इस पर तत्काल रोक लगाये जाने हेतु समुचित निर्देश प्रदान करने की अनूमति प्रदान करने आग्रह किए। धरना प्रर्दशन में उपस्थित थे अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल, करन सिंह देव,राजू साहू राजेंद्र सिंह भदौरिया, शेख सज्जार,राजा, सुधीर पाण्डेय, जाकिर हुसैन, रामशास्त्री, के सत्या,मौसम जया, पडमी कोसा, राजेश चौहान रिंकू, उपस्थित रहे।




### बेरला पुलिस की कार्यवाही

# चोरी गये बिल्डिंग मटेरियल सामान एवं घटना में प्रयुक्त वाहन जुमला कीमती करीबन 7,53,200 जप्त

### नाबालिग सहित 4 आरोपी धरदबोचे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी मेघराज तरार पिता परदेशी तरार उम्र 62 साल साकिन रामपुर भाड थाना बेरला जिला बेमेतरा ने थाना हाजिर आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि ग्राम रामपुर भाड में नया सामाजिक भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके लिये निर्माण सामग्री अल्ट्राटेक कम्पनी का सीमेन्ट 20 बोरी, आलियान्ज कम्पनी का टाईल्स 70 पैकेट, एक नग लोहे का दरवाजा, एक कटर मशीन, एक नग लोहे का वेल्डिंग मशीन रखा हुआ था। 11 जून 2022 को सुबह 09 बजे ठेकेदार राकेश यादव आकर देखा तो पुराना परमेश्वरी भवन का दरवाजा खुला हुआ था। सूचना देने पर मौके पर जाकर देखा तो सामाजिक भवन के अंदर रखा हुआ मकान निर्माण सामग्री अल्ट्राटेक कम्पनी का 19 सीमेन्ट बोरी कीमती 5700 रूपये, आलियान्ज कम्पनी का टाईल्स 50 पैकेट कीमती 25,000 रूपये, एक नग लोहे का दरवाजा कीमती 4500 तथा ठेकेदार राकेश यादव का लोहे का एक कटर मशीन कीमती 10,500 रूपये, एक नग लोहे का वेल्डिंग मशीन कीमती 7,500 रूपये जुमला कीमती 53,200 रूपये नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा 10 जून 2022 को रात्रि में परमेश्वरी सामाजिक भवन के दरवाजा का सिटकनी खोलकर चोरी कर ले गया है कि रिर्पोट पर थाना बेरला में अपराध सदर धारा 457,380,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने माल मुल्जिम पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अतिण् पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण खेलू सतनामी उम्र 26 साल, राजेश टंडन उम्र 20 साल दोनों साकिनान सोढ़ थाना बेरला जिला बेमेतरा एवं 02 विधि के साथ संघर्षरत बालक से उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर उक्त चारो ने अपने मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपपियो के कब्जे से चोरी गये मकान निर्माण सामग्री अल्ट्राटेक कम्पनी का 19 सीमेन्ट बोरी कीमती 5700, आलियान्ज कम्पनी का टाईल्स 50 पैकेट कीमती 25,000 एक नग लोहे का दरवाजा कीमती 4500 तथा ठेकेदार राकेश यादव का लोहे का एक कटर मशीन कीमती 10,500 रूपये, एक नग लोहे का वेल्डिंग मशीन कीमती 7,500 रूपये जुमला कीमती 53,200 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त छोटा लोड वाहन क्रमांक सीजी 25 एल 0520 कीमती करीबन 7,00,000 कुल जुमला रकम 7,53,200 को जप्त कर बरामद किया गया। आरोपीगण,खेलू सतनामी भागबली सतनामी उम्र 26 साल,राजेश टंडन पिता श्रवण कुमार टंडन उम्र 20 साल दोनों साकिनान सोढ थाना बेरला जिला बेमेतरा को 15 जून 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर यायालय पेश किया गया एवं 02 विधि के साथ संघर्षरत् बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान, सउनि कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक संदीप साहू,लोकेश गौसेवक, आरक्षक सुरेन्द्र जांगडे, रामकुमार भारती, भुषण मारकंडे, विजय दिवाकर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।



# मुख्यमंत्री बघेल ने किया शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिवस अपने निवास कार्यालय से आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बटन दबाकर नक्सल प्रभावित चार जिलों सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर में डेढ़ दशक से बंद पड़े 260 स्कूलों को फिर से शुरू किया। इन स्कूलों में 11 हजार 13 बच्चों ने प्रवेश लिया है। शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही प्रदेश के प्राथमिक स्कूल परिसरों में 6 हजार 536 बालवाड़ियों को भी शुरू किया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, रश्मि सिंह, विधायक रामकुमार यादव और अध्यक्ष मछुआ बोर्ड एमआर निषाद, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव राजेश सिंह राणा, संचालक लोक शिक्षण




सुनील जैन, प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा नरेन्द्र दुग्गा, अपर संचालक एससीईआरटी डॉ. योगेश शिवहरे, सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, संबंधित स्कूल के शिक्षक और नवप्रवेशी बच्चे उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी आत्मानंद के चित्र पर माल्र्यापण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकरए मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। बच्चों को स्कूल बस्ता, पुस्तक और गणवेश का वितरण किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े और पढ़ने के साथ ही खेल.कूद में भी हिस्सा लें। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के आदर्शों पर आधारित स्कूलों में लगाए जाने वाले पोस्टर का



विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मौके पर पुन: खोले जा रहे स्कूलों के पालकों और बच्चों से ऑनलाइन सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सभी को नए शिक्षा सत्र की बधाई देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण दो वर्षों के दौरान बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई, लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न हो, और उनका साल खराब न जाए। उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हम बहुत सी उम्मीदों के साथ कर रहे हैं कि इस वर्ष नियमित शालाएं संचालित हो। साथ ही पिछले सत्र में पढ़ाई के हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र से कुछ चयनित शालाओं में बालवाड़ी खोलने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान हमने पढ़ाई तुंहर दुआर प्लेटफ ार्म उपलब्ध कराया था। जिसका अच्छा उपयोग शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों ने किया। उन्होंने उम्मीद जताई की नवाचार और नई प्रौद्योगिकी को



अपनाने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवं पालकों को नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही हम मिशन मोड में हैं। हम बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ मूलभूत सुविधा को दुरूस्त करने कृत संकल्पित हैं। शिक्षा सत्र के प्रारंभ में भी हमने लक्ष्य तय किया है कि सभी बच्चों को भाषाई ज्ञान, अंक ज्ञान के साथ-साथ पढ़ना लिखना और बोलना आ जाए। समय-समय पर अपने स्तर पर उनके ज्ञान का आकलन भी करेंगे।

जशपुर जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक जशपुर विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों को तिलकए पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया साथ ही उन्हें नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्य सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी जे के प्रसाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, नगर पंचायत अध्यक्ष नरेशचंद्र साय, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सूरज चौरसिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिथि,गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चें एवं उनके पालक उपस्थित थे।

## एक नजर

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग स्थापना दिवस के अवसर पर छात्रा सोड़ी बीड़े हुई सम्मानित

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संगीत के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने के लिए किया सोढ़ी बीड़े को पुरस्कृत

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



बाल अधिकार संरक्षण आयोग स्थापना दिवस के अवसर पर न्यू सर्किट हाउस रायपुर में कार्यकम का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा साहित्य, खेलकूद, विज्ञान, संगीत आदि में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सुकमा जिले से कुम्हरराास स्थित आकार संस्था में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत दृष्टि बाधित छात्रा कुमारी सोड़ी बीड़े को बाल अधिकार संरक्षरण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मानित किया। आकार संस्था के अधीक्षक हरि कौशिक ने बताया कि छात्रा सोड़ी बीड़े को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़कर उन्हें संगीत शिक्षक के द्वारा संगीत व कला में पारंगत किया गया। सोढ़ी बीड़े ने जिला सहित राज्य स्तर पर अपनी प्रस्तुतियां दी है। इसके साथ ही हाल ही में रायपुर में हुए आदिवासी जनजातिय नृत्य महोत्सव में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। दृष्टि बाधित छात्रा सोढ़ी बीड़े ने समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष भगत ने दिव्यांग दम्पति को 50 हजार की राशि का चेक दिया

* दिव्यांग दंपत्ति ने सहायता राशि के लिए शासन प्रशासन को दिया धन्यवाद

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत द्वारा विगत दिवस समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत नव.विवाहित दृष्टिबाधित दिव्यांग दंपति सुदामा चक्रेश एवं उनकी पत्नी सुकांती चक्रेश को उनके खुशहाल जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक पुनर्वास हेतु 50 हजार की धनराशि का चेक प्रदान किया। दिव्यांग दंपत्ति ने सहायता राशि के लिए शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग सुचिता मिंज सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सर्पदंश के इलाज के अभाव में 8 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

**नारायणपुर ।** जिले के ग्राम पंचायत बेनूर से 10 किलोमीटर दूर ग्राम बोरावंड में 08 वर्षीय बच्ची मंगोती को सांप ने डस लिया जिससे बच्ची की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बोरावंड निवासी बीतूराम मंडावी के पुत्री मंगोती और उसके साथ दो और बच्चे घर पास पेड़ के नीचे खेल रहे थे। इसी दौरान सांप ने अचानक बिल से निकलकर मंगोती को डस लिया। सर्पदंश के बाद मंगोती जोर से चिल्लाकर अपने पिता को बताया कि सांप ने डसा है। सर्पदंश के बाद परिजनों ने अस्पताल ले जाना छोड़ देसी दवाई ढूंढ़ने चले गए, 04 घंटे बीत गए फिर भी देसी दवाई नहीं मिली जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता बीतूराम की सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पति ने जमीन खरीदी व बोर खनन करवाकर लाखों की ठगी की

**दंतेवाड़ा ।** समाज कल्याण बोर्ड की सदस्य और राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्रीमति कल्पना सिंह के पति प्रशांत सिंह ने दंतेवाड़ा, सुकमा समेत कई अन्य स्थानों पर कुछ लोगों के साथ जालसाजी कर जमीन की रजिस्ट्री करवाकर लाखो रूपये नही देने एवं लाखों के बोर खनन करवाकर ठगी का शिकार बनाया है। पीड़ितों में कुछ लोगों ने दंतेवाड़ा कोतवाली में इसकी लिखित शिकायत दर्ज करवाया है।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया नगर पालिका का घेराव

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आवास में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ रतनपुर नगर पालिका का किया घेराव आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नगर वार्ड के हितग्राहियों ने रतनपुर में नगरपालिका कार्यालय में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों को लेकर नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष वारे से मुलाकात की और प्रधानमंत्री आवास में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में लिखित शिकायत पत्र दिया और कहा गया कि इस तरह की भ्रष्टाचार को जल्द से जल्द रोका जाए और हितग्राहियों के आवास नियम के अनुसार बनाया जाए और अगर भ्रष्टाचार होने की बात सामने आएगी तो आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन करने की बात कह रही है। विनय जयसवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ नगर पालिका का घेराव किया गया और और सांकेतिक धरना के साथ चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी हितग्राही के साथ भ्रष्टाचार बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इसके लिए आम आदमी पार्टी लोगों के साथ हमेशा से खड़ी है और खड़ी रहेगी और भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ पित के साथ उग्र आंदोलन भी करेगी।

## अत्याचार के खिलाफ आदिवासियों का प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन

**महासमुन्द में 276 महिला/पुरूषों ने दी गिरफ्तारी**

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुद।

**आदिवासियों पर लगातार अत्याचार और उनकी परंमपरा तथा संस्कृति को कुचलने के लगातार हो रहे घटनाओं को लेकर उद्वेलित छग सर्व आदिवासी समाज द्वारा आज प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन के तहत महासमुंद मे भी आदिवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन के साथ जनसभा का आयोजन किया गया और गिरफ्तारी दी गई।**

आदिवासी समाज 9 सुत्रीय मांग को लेकर किये जा रहे आंदोलन के मद्दे नजर पुलिस द्वारा आंदोलन स्थल पटवारी कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में पुलिस दल तैनात किया गया है। आंदोलन के लिए जिले के समाज प्रमुख, सदस्यगण सुबह से ही जुटने लगे थे, दोपहर 1 बजे शुरू हुई सभा को संबोधित करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर और अन्य ने अपना उद्‌बोधन में कहा की छग आदिवासी बहुल एवं 5वीं अनुसूची क्षेत्र के विशेष संवैधानित अधिकार के बावजूद छग में आदिवासी समाज में अत्याचार प्रताड़ना बढ़ते ही जा रही है न्याय के लिए सरकार से लगाये जाने वाली गुहार नक्कार




**दादा बाड़ा बना अस्थाई जेल**

खाने में तूती की अवाज साबित हो रही है।

### सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख मांगें

बालोद के टांडी ब्लॉक के आदिवासी समाज के जाम पाठ को परिवर्तित कर पाटेश्वर धाम बनाने वाले बालक दास द्वारा मई को ग्राम तुरगोंदी में आदिवासी समाज के द्वारा की जा रही पारंपरिक पूजा में गुढे बुलाकर तलवार लाठी एवं कांच की बोतलों और पत्थर में घातक वार किया। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई और जान से मारने को चेतावनी व प्रयास किया गया। अब तक बालक दास के खिलाफ कोई एफ्आईआर नहीं हुई। इसी तरह सरगुजा के हसदेव अरण्य परसा कोल ब्लॉक में ग्राम सभा और प्रदेशभर के विरोध के बाद भी आदिवासी गांव को उजाड़ा जाएगा और लाखों पेड़ काटा जाएगा। ग्राम कोकोभाटा पिथौरा में बुदादेव देवालय में तोड़फ ोड़ करने वाले, ग्राम छपरखोत पिथौरा के जनक दुलारी खकुर परिवार जनों को समाधि स्थल को तोड़फ ोड़ करने वालों, ग्राम बुंदेलो प्रयोग में जाति बदलकर आदिवासियों को जमीन खरीदने वाले फ र्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वालों के खिलाफ, भू-माफियाओं आदि पर कारवाई की जाए। रणजीत कृषि उच्चतम माध्यमिक को फिर से खोला जाए।

### आंदोलन में यह रहे शामिल

जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, शुभ सिंह जगत, धरम सिंह दीवान, डिम्पल ध्रुव, कृष्ण कुमार धूप अशोक ध्रुव, मनराखन ध्रुव क्षेत्र सिदार, टाकेन्द्र राय, जगदीश सिदार ध्रुव गोड़ समाज महिला जिलाध्यक्ष डेजोरानी नेताम, गणेश राम ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज उपाध्यक्ष हेमसागर बिझवार नरेश पोते, तेजराम चॉलिफ गंदराम बाहे सोमनाथ टोडेकर और मित्र कमार भारती सहित बड़ी सं समाज के पदाधिका मौजूद रहे।




## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिला स्वास्थ्य विभाग को कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु बच्चों के टीकाकरण में राज्य में उच्च प्रतिशत की उपलब्धि हासिल करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर किया गया सम्मानित कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर जिला स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को दी बधाई एवं शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में राजधानी रायपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कोरिया



जिले को बच्चों के कोविड वैक्सीनेशन में बेहतर प्रगति अर्जित करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया है। कोरिया जिले के साथ ही रायपुर एवं नारायणपुर जिले को भी सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों का नशे की आदत से बचाव, चुनौतिया व समाधान के विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की गई है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेज कुंवर नेताम भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने इस उपलब्धि पर जिला स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह अथक प्रयास एवं निष्ठा के साथ काम करते हुए लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने प्रोत्साहित किया।



### जिले में 15 से 17 साल के बच्चों की श्रेणी में 94 प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण

*कोरिया जिला स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण दल को कोविड.19 महामारी से बचाव हेतु बच्चों के टीकाकरण में निर्धारित लक्षित संख्या के विरुद्ध अब तक उच्च प्रतिशत की उपलब्धि राज्य में प्रदर्शित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में कोरिया जिला स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, जिला सलाहकार डॉ. प्रिंस जायसवाल, जिला डाटा प्रबंधक भूपेंद्र पाटनवार शामिल रहे। कलेक्टर शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर स्कूलों में टीकाकरण कैम्प आयोजित कर टीकाकरण किये जा रहे हैं। जिले में 39 हजार 645 बच्चों के वैक्सीनेशन के लक्ष्य के विरूद्ध 37 हजार 329 बच्चों को टीका लगाया गया है।*

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम बेलगहना तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना तहसील के सामने कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन, साथ ही राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए प्रवर्तन निदेषालय, आयकर विभाग, सीबीआई सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं के विरुद्ध असंवैधानिक रूप से दबावपूर्वक कार्यवाही करते हुए डराने व दबाने का आरोप लगाते हुए केंद्र के रवैये की घोर निंदा की है।




ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले तीन दिनों से केंद्र सरकार ने अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय को किले में तब्दील कर रखा है। वहीं पुलिस, नेताओं कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ बेरहमी के साथ मारपीट कर रही है। सत्य की इस लड़ाई के लिए सत्याग्रह, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और एकजुटता को कुचलने के लिए केंद्र सरकार क्रूरता पूर्वक बल प्रयोग कर रही है। जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से देश मे लोकतांत्रिक एवं प्रजातांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने हेतु,इस प्रकार की दबावपूर्ण कार्यवाही पर रोक लगाए जाने तथा, आईसीसी मुख्यालय में घटित उक्त मामले को संज्ञान में लेकर प्रकरण पर हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार को इस पर तत्काल रोक लगाने निर्देशित करने की मांग रखी है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामचन्द्र पैंकरा, जिला महामंत्री गणेश कश्यप, कोटा जनपद सभापति कन्हैया गंधर्व,शिवदत्त पाण्डेयए, राम गंधर्व, रवि प्रताप सिंह,आशीष अग्रवाल, हसीब खान, उमेन्द्र शर्मा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जितना उत्पादन नहीं विभाग उससे अधिक खरीद लिया लघु वनोपज

## व्यापारी और ओडिशा से सस्ते भाव में वनोपज खरीदी कर सरकार को लाखों का चुना लगाने का अंदेशा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**लघु वनोपज खरीदी को लेकर इंदागांव देवभोग परिक्षेत्र मे इन दिनो बड़ा खेल चल रहा है। वन विभाग परिक्षेत्र के बारह समितियों में से चार समिति में महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से लघु वनोपज की खरीदी कर रही है।**

विभाग के इस लघु वनोपज खरीदी में कुछ लोगों को लाभ दिलाने की बात की भी चर्चा हो रही है। विभाग के आला अफसर कतिपय लोगों को लाभ दिलाने के लिये विभागीय कर्मचारियों को इस खरीदी से दूर रखा है। ताकि विभाग के काले करतूत का भांडाफ ोड ना हो सके। वही विभाग ने लघु वनोपज खरीदी को लेकर विभिन्न आयोजनों में भी लाखों खर्च कर चुकी है। महुये की फू ल की व्यापक खरीदी को लेकर इन समितियों के गांव के संग्राहक भी सकते में है।



### खरीदी के सारे नियमो का हो रहा उलंघन

वन विभाग जिन चार समितियों में लघु वनोपज की खरीदी कर रही है वहां नियमो का पालन नहीं हो रहा है। विभाग,समिति और इस काम में लगाये गये कुछ विशेष लोग मिली-भगत कर नियमों की धज्जीयां उडा रहे हैं। नियमानुसार समिति को एमएससी सूचि का चस्पा करना चाहिये पर कही भी इस सूचि का चस्पा नहीं किया गया है। वही विभाग के पास खरीदी के पहले लघु वनोपज के पेड़ों की गणना करनी थी पर वो भी नहीं किया गया विभाग को उत्पादक पेड़ों की संख्या का कोई लेखा जोखा नहीं है। परिक्षेत्र अंतर्गत पचास से अधिक महिला स्व सहायता समूह है पर कुछ चुनिन्दा समूह को ही इस का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा और कई ऐसे नियम है जिसकी धज्जी उडाई जा रही है।

### सात जून तक चार समिति के ग्यारह गांव में डेढ करोड़ की खरीदी

वन विभाग के लघु वनोपज खरीदी में वन विभाग के आंकड़े की माने तो झाखरपारा लाटापारा देवभोग

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर




गिरसूल इंदागांव मुड़घेलमाल अमलीपदर, चिखली पीपलखुंटा तेतलखुंटी गोहरापदर में 66 लाख 35हजार रूपये के 2010.77 क्रिंटल आंटी वाले ईमली खरीद लिया वही लाटापारा झाखरपारा,देवभोग में 12लाख 17हजार के 176क्रिंटल फ ूल वाले ईमली और इसी गांव से 17हजार के ईमली बीज की खरीदी हुआ है। वही दस गांव में 23लाख दस हजार के चिंरौजी गुठली और 11 गांव में बीस लाख अड़सठ हजार के महुआ फ ूल के अलावा पलास फ ूल और दो गांव में अलग से चिरौंजी गुठली और शहद को मिलाकर एक करोड उनसठ लाख तिरसठ हजार की व्यापक खरीदी से गांव के लोग भी हैरान है।

### सस्ते के ओडिशा का वनोपज खप गया छग में

लघु वनोपज खरीदी में ओडिशा का वनोपज जिसे यहां के एक दो व्यापारी समूह के माध्यम से खपा में सफ्ल हो गये। 22-23 रूपये में खरीद कर शासन को 36रूपये में खपाकर जमकर मुनाफ़खोरी होने की चर्चा भी है। खरीदी में मुनाफाखोरी करने वाला व्यापारी ने समूह के सदस्यों से 2 सौ रूपये रोजी में काम कराया पर ऐसे कई समूह है जिन्हें उनका रोजी भी अभी तक नहीं मिला ।और संग्राहको के नाम फड पत्रक भी भर लिये।

### इमली के पेड नही पर वन विभाग ने कर दिया जम्बो खरीदी

गांव वालों की माने तो इन चार समितियो के गांव में उतनी संख्या मे ईमली के पेड़ नहीं है और जहां है भी तो वहां के पेड़ के उत्पादन का आधा हिस्सा घरेलु उपयोग के लिये साप्ताहिक बाजार में बिक जाता है फिर वन विभाग ने दो हजार क्रिंटल से अधिक की जम्बो खरीदी कर लिया है। विभाग का एक व्यापारी विशेष को लाभ दिलाने की चर्चा भी जोरों से हो रहा है।

## एक नजर

### मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस का धरना,राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



स्थानीय नेहरू चौक स्थित कांग्रेस भवन के सामने आज कांग्रेसजनों द्वारा एक दिनी धरना कार्यक्रम आयोजित कर केन्द्र की मोटी सरकार के खिलाफराष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है किए केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राजनीतिक विद्वेषवश सत्ता की ताकत का दुरूपयोग करते हुये प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं के विरूध्द असवैधानिक रूप से दबाव पूर्वक कार्यवाही कर डराने दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आगे कहा गया है किए बीते तीन दिनों से केन्द्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय को छावनी मे बदल दिया गया है। पुलिस द्वारा नेताओं,कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बेरहमी से मारपीट की जा रही है। यह भी कहा गया है किए सत्य की इस लडाई के लिये सत्याग्रह,शांतिपूर्ण प्रदर्शन और एकजुटता को कुचलने के लिये बल प्रयोग किया जा रहा है। कांग्रेस इसकी कडी निन्दा करती है। अंत में केन्द्र सरकार की दबावपूर्ण कार्यवाही पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है। कांग्रेस के धरना आंदोलन में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर,प्रभारी मंत्री संजय शर्मा,ब्लाक अध्यक्ष खिलावन बघेल,गुरमित चांवलाएगौरव चंद्राकर,लक्ष्मी देवांगन, ढेलू निषाद आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

### जलकी स्कूल में नव प्रवेशी बच्चों का अभिनंदन

पाठ्यपुस्तक और गणवेश बांटी गई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

प्राथमिक विद्यालय जलकी में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव की मुख्य आतिथ्य में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही सभी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को स्कूल में कक्षाएं शुरू होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन की पाठ पढ़ाया जाता एवं सामान्य ज्ञान आदि प्रदान करते हुए बच्चों का भविष्य बनाते हैं उन्होंने सभी बच्चों को जीवन में सफ लता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष राधेश्याम ध्रुव शिक्षा विद होरी लाल पटेल समिति सदस्य गिरधर साहू नारायण यादव प्रधानपाठिका जसमोती पटेल शिक्षिका सरस्वती पटेल दीपा पटेल एवं बच्चे उपस्थित रहे।



### 21 जून विश्व योग दिवस पर जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम महाविद्यालय नवागढ़ में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ विधानसभा का एकमात्र महाविद्यालय शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में किया जाना है जिसके मुख्य रूप से नारा लेखन,रांगोली,प्रतियोगिता, निबंध लेखन, प्रश्न मंच, भाषण, जागरूकता रैली नगर भ्रमण, जिसमें नियमित रूप से अध्यन कर रहे छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। सभी कार्यक्रमों का विषय योग होगा जानकारी देते हुए शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ के मीडिया प्रभारी व पूर्व शहर अध्यक्ष एनएसयूआई नवागढ़ परमेश्वर पात्रे ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से कोरोना महामारी के चलते कार्यक्रम प्रभावित रहा था। जिसके कारण छात्र छात्राओं का पढ़ाई व अन्य गतिविधियों से विद्यार्थी वंचित रह गए थे मगर इस वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम रखे गए हैं जिसमें छात्र-छात्राओं से निवेदन करते हुए मीडिया प्रभारी परमेश्वर पात्रे ने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय पहुंचेने की अपिल करते हुए जानकारी दी।



## नवागढ़ के राजीव गांधी चौक पर रोड में भरा पानी का आलम दिखा

बेमेतरा, मुंगेली, संबलपुर तथा नवागढ़ बाजार चौक जाने के मुख्य मार्ग पर बरसात से पहले ही पानी का जमावड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला के नवागढ़ नगर पंचायत शहरी क्षेत्र में बेमेतरा से मुंगेली तथा संबलपुर से नवागढ़ बाजार चौक जाने वाले राजीव गांधी मुख्य चौक पर पानी का जमावड़ा दिख रहा है। आलम यह है कि लोग सोचने और देखने पर यह मजबूर हो गए हैं कि बरसात आने के संकेत के पहले इस तरह का जमावड़ा का आवरण दिख रहा है। तो अब बरसात में क्या होगा क्योंकि अभी पानी तो थोड़ी ही मात्रा में गिर रही है मगर बरसात आते आते तो लगता है जैसे राजीव गांधी चौक को ही पानी से लबालब कर देगी नगर पंचायत के द्वारा या लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस तरह का पानी के जमावड़ा को देखकर क्या संज्ञान में लेते हैं वह तो खबर लगने के पश्चात ही पता चल पाएगी खबर अभी बाकी है वह अगले अंक में प्रकाशित की जाएगी मगर इस तरह पानी के जमावड़े से समस्या ग्रसित लोग यह बोलने पर मजबूर हो गए हैं कि क्या, लोगबाग यहां से आते जाते वक्त देख नहीं रहे हैं क्या अधिकारियों का यहां आना जाना नहीं हो रहा है क्या कहे क्योंकि नवागढ़ शहरी ग्रामीण क्षेत्र अंचल से जुड़ा हुआ है तथा मुख्य मार्ग होने के वजह से यहां पर तो सैकड़ों की तादाद में लोगों का आना जाना लगा रहता है और अभी बरसात के सीजन में पानी का जमावड़ा होने से कई प्रकार की गंदगी बदबू सड़न कीड़े मकोड़े और यहां तक कि पानी के वजह से कई प्रकार की समस्याएं भी पैदा हो जाएगी।

## एसडीएम व तहसील कार्यालय खड़गवां के औचक निरीक्षण में पहुंचे ओएसडी

पीएचसी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मरीजों से की बात

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

ओएसडी पीएस ध्रुव ने आज विकासखंड खड़गवां में एसडीएम एवं तहसील कार्यालय तथा जनपद कार्यालय खड़गवां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए तथा आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण किया। ध्रुव ने कार्यालयों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। विकासखण्ड खड़गवां के दौरे के दौरान ध्रुव स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन करने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां पहुंचे। उन्होंने केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ओपीडी, दवाईयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए आए मरीजों से मुलाकात कर सुविधाओं के सम्बंध में फीडबैक लिया। ध्रुव द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे मरम्मत कार्य का अवलोकन कर शीघ्र पूर्ण कराए जाने निर्देश दिये।



**मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के दिए निर्देश**



## केंद्र सरकार की तानाशाही विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन महामाया चौक में,राज्यपाल के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

केंद्र सरकार और ईडी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया वर्तमान केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राजनैतिक विद्वेषवस सत्ता का दुरुपयोग करते हुए केंद्रीय,जेंसियों जैसे प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं के विरुद्ध असंवैधानिक रूप से दबाव पूर्वक कार्यवाही करते हुए डराने व दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों। जिसके विरोध में राज्यपाल के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया है। जिसमे मुख्य रुप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सूर्या, जितेन्द्र दुबे, इल्यास कुरैश,नीरज जायसवाल,कमल सोनी,सकिर खान जमुना, माथुर,संतोष कुम्हार, बालकृष्ण मिश्रा,भानसिंह यमुना बैसवाड़े, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया सोगड़ा आश्रम पहुंचकर मां सर्वेश्वरी के दर्शन करके प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



**जशपुर जिले में पर्यटन के साथ चाय और कॉफी की खेती की अच्छी संभावनाएं हैं-डॉ. शिवकुमार डहरिया**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे। उन्होंने मनोरा विकासखंड के सोगडा आश्रम पहुंचकर मां सर्वेश्वरी के दर्शन करके पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं यहां के किसान चाय, काजू, मिर्च, टमाटर एवं अन्य फ सलों की अच्छी पैदावार कर रहें हैं। किसानों को धान के अतिरिक्त अन्य फ सल लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को शहरों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।

इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद पीएल पुनिया, संसदीय सचिव और कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, विधायक जशपुर विनय भगत, जशपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना लकड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हीरूराम निकुंज, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल,अजय गुप्ता, सूरज चौरसिया, मनमोहन भगत और निलेश सिंह उपस्थित थे।



## कांग्रेस का आरोप केन्द्र सरकार केन्द्रीय एजेंसी का कर रही दुरूपयोग

केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का सड़क आंदोलन बैठे धरने पर एवं सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**प्रदेश कांग्रेस के निर्देश के बाद देवभोग ब्लाक इकाई ने भी केन्द्र सरकार के खिलाफ कल धरना दिया और राष्ट्रपति के नाम देवभोग एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।**



कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर उनके अधीनस्थ केन्द्रीय जांच ऐजेंसीयो के दुरूपयोग का आरोप लगाया है और इस पर रोक लगाने के लिये राष्ट्रपति से मांग किया। बीते दिनों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर इडी से जांच कर राजनिति द्रेषवश कारवाई कराने का आरोप लगाया है। देवभोग के बंजरंग चौक में प्रकोष्ठों आदिवासी कांग्रेस शहर कांग्रेस सेवादल महिला कांग्रेस एनएसयूआई,युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटकर टेंट के निचे एक दिवसीय धरना दिया और इस पर रोक लगाने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

### केन्द्र सरकार दमनकारी निति अपना कर विपक्ष पर कारवाई कर रही है

एक दिवसीय धरने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेवाजी किया वही धरने को संबोधित करते हुये ब्लाक अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी ने कहा सरकार दमनकारी निति अपना रही है तो वही आदिवासी नेता धनसिंग मरकाम ने सरकार पर कई गम्भीर आरोप लगाये और जिला उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा सरकार अपनी विफ्लता छुपाने राजनिति द्रेषवश कांग्रेस पर असंवैधानिक कारवाई कर रही है ।वही इस धरना और ज्ञापन में जिला उपाध्यक्ष दुर्गाचरण अवस्थीए अरूण मिश्रा अरूण सोनवानी, सूरज शर्मा,उमेश डोंगरे,युंका अध्यक्ष भविष्य प्रधान नवीन सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नहीं लगी रोक तो आगे उग्र आंदोलन करने होंगे विवश

*राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा केन्द्र सरकार के असंवैधानिक कारवाई पर के खिलाफ ज्ञापन पर रोक नही लगने पर कांग्रेस और भी उग्र आंदोलन करेगी वही अरूण सोनवानी ने केन्द्र सरकार के ऐंजेंसीयो के जांच पर कड़ी निंदा की है। और धरना के पहले ब्लाक कांग्रेस भवन में हुयी बैठक में केन्द्र सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया।*



## विक्रांत मैसी ने शेयर किया सेक्टर 36 का टीजर




दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान किया। इस फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। अभिनेता विक्रांत ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर शेयर किया है। टीजर में बताया गया है कि फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। रिपोर्ट्स के अनुसार सेक्टर 36 नोएडा के चर्चित निठारी हत्याकांड पर बन रही है।

फिल्म का सनसनीखेज टीजर बता रहा है कि यह रोंगटे खड़े कर देने वाली क्राइम थ्रिलर फिल्म है। 38 सेकेंड के टीजर में एक कॉकरोच के जरिए फिल्म के इमोशन को बताने की कोशिश की गई है। फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं। आदित्य फिल्म तलवार के लेखन के लिए जाने जाते हैं। सेक्टर 36 को बोधायन रॉय चौधरी ने लिखा है।

## मैं या तो अपनी जेब को या अपनी आत्मा को संतुष्ट करती हूं : ईशा गुप्ता



हाल ही में वेब सीरीज आश्रम 3 में नजर आ चुकीं अभिनेत्री ईशा गुप्ता का कहना है कि समय के साथ अभिनय के लिए प्रोजेक्ट चुनने का उनका मानदंड बदल गया है। ईशा ने शो में नायक, बाबा निराला की छवि प्रबंधक सोनिया की भूमिका निभाई।

अभिनेत्री ने शो का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की, क्योंकि वह पहले से ही आश्रम की प्रशंसक थीं, उन्होंने एक प्रोजेक्ट चुनने का अपना तरीका भी साझा किया।

ईशा ने बताया, मैंने बहुत कम उम्र में अपना स्वतंत्र जीवन शुरू कर दिया है। ऐसे दिन थे जब मैंने अपनी पॉकेट मनी कमाने के लिए एक छात्र के रूप में एक कैफे में काम किया था। लेकिन अब इतने वर्षों के बाद मेरे पास एक निर्धारित पैरामीटर है। मेरा अभिनय परियोजना को या तो मेरी जेब या मेरी आत्मा को संतुष्ट करना है।

अगर मैं असाइनमेंट या कहानी से बहुत पैसा नहीं कमा रही हूं, एक भूमिका जो इतनी रोमांचक है जो मुझे एक अभिनेत्री के रूप में चुनौती देती है, तो इसे करने का क्या मतलब है। भगवान की कृपा से, मैं अच्छा कर रही हूं और मैं वास्तव में सिर्फ अपनी रसोई चलाने के लिए काम नहीं कर रही हूं। मैं जीवन के उस पड़ाव पर हूं, जहां मैं संतुष्टि की तलाश में हूं।

अभिनेत्री को राज 3, जन्नत 2, रुस्तम, वेब सीरीज रिजेक्टएक्स, नाकाब जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है।

## कैमरे के सामने निया शर्मा ने खोले जींस के बटन, देखकर छूट गए फैंस के पसीने

टेलीविज़न इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस निया शर्मा अपनी हॉट अदाओं के लिए बहुत लोक्रपिय हैं। आए दिन वो अपनी कातिलाना फोटोज सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। निया शर्मा ने एक बार फिर अपनी ऐसी तस्वीर साझा कर दी है कि लोगों का दिल संभालना भी मुश्किल हो रहा है।



वही निया शर्मा सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसमें उनका हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है। निया शर्मा ने ब्लू डेनिम की क्रॉप शर्ट पहनी हुई है तथा साथ ही जींस पहनी हुई है, किन्तु उन्होंने इस शूट के लिए जींस की बटन तक खोल दी। निया का ये स्टाइल प्रशंसकों को बहुत पसंद आ रहा है। निया शर्मा अपने जबरदस्त अभिनय के दम पर इंडस्ट्री में ऊंचा मुकाम हासिल कर चुकी हैं। हालांकि, यहां तक आने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। टेलीविज़न शोज से अपने करियर का आरम्भ करने वाली निया अब म्यूजिक वीडियोज में अपने हुस्न के जलवे बिखेर रही हैं। निया के प्रशंसक आज केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मौजूद हैं। निया भी अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहने की हर मुमकिन प्रयास करती हैं। निया अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर उनके

## बच्चों को घर पर बनाकर खिलाएं मसूर दाल के चिप्स, ये है बनाने का आसान तरीका

बड़े हो या बच्चे सभी चिप्स को बढ़े चाव से खाते है। घर पर फुर्सत के पल हों या फिर परिवार के बीच की गपशप, अगर इस बीच मसूर दाल की क्रिस्पी चिप्स मिल जाए तो मजा ही कुछ और हो जाता है। हालांकि मार्केट की चिप्स बच्चों की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है। अगर आप घर पर ही मसूर दाल की क्रिस्पी चिप्स बनाना चाहते है तो इस आर्टिकल को जरूर पढ़ना चाहिए। आज हम आपको मसूर दाल से क्रिस्पी चिप्स कैसे बनाते है उसकी विधि बताने जा रहे है। तो आइए जानते हैं...



### आवश्यक सामग्री

1 कप मसूर दाल
नमक स्वादानुसार
1/2 टेबलस्पून जीरा
1/2 टेबलस्पून लाल मिर्च पाउडर
1 चुटकी बेकिंग सोडा
1टेबलस्पून चाट मसाला
1 टेबलस्पून काली मिर्च
2 कप तेल
2 टेबलस्पून सूजी
2 टेबलस्पून गेहूं का आटा

बनाने की विधि

- मसूर दाल से चिप्स बनाने के लिए सबसे पहले आप मसूर दाल को पानी में भिगोकर लगभग 2 से 3 घंटे के लिए छोड़ दें।
- 2 से 3 घंटे बाद दाल को पानी से निकालकर मिक्सी में महीन पीस लें।
- जब पूरी दाल पीस जाए, तो उसे मिक्सी से निकाल कर एक बर्तन में रख लें।
- अब पीसे गए सामग्री में सूजी, गेहूं का आटा और बेकिंग सोडा डालकर उसे अच्छी तरह गूंथ लें।
- अब उस मिश्रण में लाल मिर्च पाउडर, नमक, काली मिर्च डालकर सभी को अच्छी तरह फेट लें।
- अब उस सामग्री से छोटी-छोटी लोई बना लें।
- जब सारी लोई बन जाए, तो उसे चिप्स के शेप में कट कर लें।
- बाद में कट किए गए चिप्स को एक दिन 1 से 2 दिन तक धूप में सूखने के लिए छोड़ दें।
- जब चिप्स अच्छी तरह से सूख जाए, तो उसे धूप से हटा लें।
- अब एक पैन में तेल डालकर उसे गैस पर गर्म करें।
- जब तेल अच्छी तरह से गर्म हो जाए, तो उसमें बनाएं गए चिप्स को डालकर फ्राई करें।
- जब सारे चिप्स फ्राई हो जाए, तो उसे चाय के साथ स्नैक्स के तौर पर सर्व करें या खाएं।

## स्वास्थ के लिए बिलकुल अच्छा नहीं है बर्फ वाला पानी पीना, होते हैं ये नुकसान

गर्मियों के मौसम में लोग ठंडा पानी पीना पसंद करते है। कुछ लोग तो पानी में बर्फ डालकर पीते हैं। भले ही आपको गर्मी में ठंडा बर्फ वाला पानी पीकर राहत मिलती है लेकिन ये आपके स्वास्थ के लिए बिलकुल भी अच्छा नहीं हैं। पानी जब बहुत ठंडा होता है तो थोड़े से पानी से ही आपको ऐसा महसूस होगा, जैसे बहुत ज्यादा पानी पी लिया हो। यह आपकी प्यास पर कंट्रोल लगा देता है। इससे आपके शरीर में पानी की मात्रा भी कम होती है। डॉक्टर की मानें तो हमे हमेशा 20 से 22 डिग्री टेम्प्रेचर वाला पानी ही पीना चाहिए। बर्फ वाला या ठंडा पानी पीने से आपको पेट से जुड़ी कई सारी परेशानियां जैसे पेट दर्द, खाना पचने में दिक्कत हो सकती है। अगर आप ज्यादा ठंडा पानी पीते हैं तो इससे कई बार नर्व ठंडी होकर आपके हार्ट रेट को धीमी कर देती है। आज हम आपने इस आर्टिकल के माध्यम से आपको विस्तार से बताने जा रहे कि अगर आप नियमित तौर पर ठंडा पानी पीते है तो सेहत को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं....



### पाचन तंत्र को नुकसान

ठंडा पानी पीने से पाचन तन्त्र को नुकसान पहुंचता है। क्योंकि ठंडे पीने से ब्लड सेल्स सिकुड़ जाती हैं। इससे डाइजेशन धीमा पड़ जाता है। डाइजेशन ठीक से नहीं होता इसलिए खाने के पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं या शरीर द्वारा अवशोषित नहीं किए जाते।

### बॉडी हाइड्रेट नहीं रहती

बर्फ का पानी ठीक तरह से बॉडी को हाइड्रेट नहीं कर पाता है। कभी भी खाने के तुरंत बाद बर्फ वाला पानी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि यह शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

### पोषक तत्वों का खत्म हो जाना

शरीर का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस होता है और जब आप कोई ठंडी चीज पीते हैं तो उसके तापमान को नियमित करने के लिए आपके शरीर को कुछ ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। वरना इस उर्जा का उपयोग भोजन के पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण के लिए होता है। यही कारण है कि ठंडा पानी पीने से आपके शरीर को पोषक तत्व नहीं मिल पाते।

**माइग्रेन**- माइग्रेन वाले लोगों को बर्फ का पानी पीना ज्यादा तकलीफ दे सकता है। जब आप ठंडा पानी पीते हैं तो यह आपके नाक और रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट को ब्लॉक कर देता है।

# खेल

सीरीज में वापसी के बाद अब बराबरी का मौका

## भुवी बन सकते हैं साउथ अफ्रीका के खिलाफ नंबर-1 गेंदबाज, जानिए दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**राजकोट।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद टीम इंडिया ने विशाखापट्टनम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में जोरदार वापसी करते हुए 48 रन से जीत हासिल की। अब इसी लय को बरकरार रखते हुए राजकोट में होने वाले चौथे मैच को जीत कर ऋषभ पंत की सेना सीरीज बराबर करने के इरादे से उतरेगी। मैच शाम 7:00 बजे शुरू होगा।

चलिए जान लेते हैं कि इस ग्राउंड पर भारत का रिकॉर्ड कैसा है और दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या हो सकती है। साथ ही हम यह भी जानेंगे कि भारत के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ओपनर ईशान किशन इस मैच के दौरान कौन से बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।




### 11वें से 16वें ओवर में सुधारना होगा खेल

इस सीरीज में एक खास ट्रेंड देखने को मिला है। अब तक हुए तीन मैचों में 11वें से 16वें ओवर तक भारत की बैटिंग और बॉलिंग दोनों साउथ अफ्रीका की तुलना में कमजोर साबित हुई है। भारत ने इन ओवरों में 7.72 के रन रेट से बैटिंग की है। वहीं, साउथ अफ्रीका ने 11 के रन रेट से बैटिंग की। इन ओवर्स में साउथ अफ्रीका ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए, जबकि भारत ने 6 विकेट गंवाए हैं।

### पावर-प्ले में भारत का पलड़ा भारी

हालांकि, पावर-प्ले में भारत ने साउथ अफ्रीका की तुलना में बेहतर परफॉर्म किया है। साउथ अफ्रीका ने पहले तीन मैचों के पावर-प्ले को मिलाकर 7.11 के रन रेट से बैटिंग की है और 6 विकेट गंवाए हैं। दूसरी ओर भारत ने 8.33 रन/ओवर के हिसाब से बैटिंग की और सिर्फ एक विकेट गंवाया है।

### यहां तीन में से दो मैच जीत चुका है भारत

राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने अब तक तीन टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसमें टीम को दो मैचों में जीत मिली और एक में हार का सामना करना पड़ा। 2013 में भारत ने यहां ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया था। वहीं, 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 40 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## आईसीसी रैंकिंग में 23 वर्षीय ईशान का धमाका, 69 बल्लेबाजों को पछाड़ सीधा टॉप 10 में एंट्री



**दुबई ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में 48 रन की जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की टी20 रैंकिंग में छलांग लगाई है। बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार, बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में ईशान किशन (23) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती तीन मुकाबलों में 164 रन बनाकर 68 पायदान की विशाल छलांग लगाई है। इशान 689 पॉइंट के साथ आईसीसी टी20 रैंकिंग में सातवें नंबर के बल्लेबाज बन गये हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। वह 69 बल्लेबाजों को पीछे छोड़ते हुए यहां पहुंचे हैं। बता दें इशान किशन इस सीरीज से पहले टॉप 10 तो क्या टॉप 60 बल्लेबाजों में भी नहीं थे लेकिन अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अब ये बल्लेबाज टी20 में भारत की ओर से सबसे अच्छी रैंक वाला बल्लेबाज बन गया है।

### एक नजर

## पैरा पावरलिफ्टिंग में मनप्रीत, परमजीत ने जीता कांस्य



**प्योंगटाक ।** भारत के पैरा भारोत्तोलक परमजीत कुमार और मनप्रीत कौर ने एशिया ओशियाना पैरा पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीते। मनप्रीत ने महिलाओं के 41 किलो वर्ग में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास में 88 किलो भारोत्तोलन किया और उनका कुल भारोत्तोलन 173 किलो रहा। पुरुषों के 49 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीतने के लिये परमजीत ने दो राउंड में 160 और 163 किलो भारोत्तोलन किया, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

परमजीत पिछले साल नवंबर में जॉर्जिया में आयोजित पैरा भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में पदक जीतकर ऐसा करने वाले पहले भारतीय बन गये थे। पुरुषों के 49 किलो वर्ग में हिस्सा लेते हुए उन्होंने 158 की लिफ्ट के साथ कांस्य पदक जीता था।

## टी20 सीरीज़ से बाहर होकर घर लौटे मार्करम

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज़ एडेन मार्करम भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज़ से एक भी मुकाबला खेले बिना बाहर हो गये हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

सीएसए ने ट्वीट में कहा, एडेन मार्करम भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी20 श्रृंखला के शेष भाग से बाहर कर दिये गये हैं। प्रोटियाज बल्लेबाज ने पिछले सप्ताह कोविड-19 संक्रमित पाए जाने के बाद सात दिन क्वारंटाइन में बिताए। वह अंतिम दो मैचों में खेलने के लिए वापसी नहीं कर पाएंगे।

सीएसए ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की कलाई की चोट में सुधार आया है और टीम का चिकित्सा विभाग उनकी प्रगति पर नजर रखना जारी रखेगा।

## मनोज तिवारी ने रणजी ट्रॉफी में ठोका बैक टू बैक दूसरा शतक, बंगाल के खेल मंत्री ने सेमीफाइनल में दिखाया दम

**नई दिल्ली ।** बंगाल के खेल मंत्री मनोज तिवारी रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट स्टेज में गजब की फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। मध्यप्रदेश के खिलाफ जारी सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने शानदार शतक ठोक टीम को मुश्किल से निकालने का काम किया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने झारखंड के खिलाफ पहली पारी में 73 और दूसरी पारी में 136 रनों की पारी खेली थी।

पहली बार बदला फीफा का इतिहास

## अब अमेरिका, मैक्सिको, कनाडा करेंगे 2026-वर्ल्ड कप की मेंजबानी, 16 शहरों के नाम जारी

2026 फीफा वर्ल्ड कप अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा मिलकर आयोजित करेंगे। फीफा के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि तीन देशों को वर्ल्ड कप की मेजबानी सौंपी गई है।

दुनिया में फुटबॉल संचालित करने वाली संस्था फीफा ने गुरुवार रात वर्ल्ड कप के अगले संस्करण के लिए 16 मेजबान शहरों की घोषणा की है। इसमें 32 के बजाए 48 टीमें हिस्सा लेंगी। फिलहाल, वर्ल्ड कप का मौजूदा सीजन कतर में हो रहा है, जो 21 नवंबर से 18 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। इसमें 32 टीमें ही हिस्सा ले रही हैं। 2026 में होने वाले इस टूर्नामेंट में 80 में से 60 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। कनाडा




और मेक्सिको में 10-10 मैच खेले जाएंगे। अमेरिकी फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कार्लोस कोरडेरियो ने कहा, यह अद्वितीय है और उत्तरी अमेरिका में फुटबॉल जगत के लिए बहुत बड़ा पल है। कहां-कहां होंगे मैच अमेरिका- एटलांटा, बोस्टन, डलास, ह्यूस्टन, कैन्सास, लॉस एंजिल्स, मियामी, न्यूयार्क, फिलाडेल्फिया, सैन फ्रांसिस्को, सिएटल। 20 साल पहले 2002 में जापान और साउथ कोरिया ने मिलकर वर्ल्डकप होस्ट किया था। मॉस्को में आयोजित 68वें फीफा कांग्रेस सम्मेलन में राष्ट्रीय फुटबॉल संघों ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा को के पक्ष में मतदान किया।

## केएल राहुल इंग्लैंड दौरे से हुए बाहर, इलाज के लिए जाएंगे विदेश

मुंबई ।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने केएल राहुल को इलाज के लिए विदेश भेजने का फैसला किया है। संभावना है कि भारत के सलामी बल्लेबाज और उप कप्तान का जर्मनी में इलाज होगा। इस वजह से केएल राहुल इंग्लैंड के दौरे पर नहीं जाएंगे।



30 वर्षीय केएल राहुल ग्रोइन की चोट से परेशान हैं और वे इससे उबरने के लिए इंग्लैंड की यात्रा को मिस करने के लिए तैयार हैं, जहां भारत सात मैच खेलने हैं। बीसीसीआई ने केएल राहुल के विदेश जाने की पुष्टि क्रिकबज से की है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने गुरुवार (16 जून) को क्रिकबज से कहा, यह सही है, बोर्ड उनकी फिटनेस पर काम कर रहा है और वह जल्द ही जर्मनी जाएंगे। राहुल के इस महीने के अंत में जुलाई की शुरुआत में जर्मनी जाने की संभावना है।

विदेश जाने से सीधा मतलब है कि राहुल इंग्लैंड दौरे को मिस करेंगे, जहां भारत को एक टेस्ट (1 से 5 जुलाई तक) और छह सफेद गेंदों के मैच होंगे, जिनमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलने हैं।

# शाला प्रवेशोत्सव में संसदीय सचिव ने फूलों की माला, मिठाई, पाठ्यपुस्तक और गणवेश के साथ बच्चों का किया स्वागत

## महतारी दुलार योजना के तहत पालकों को कोरोना से खोने वाले बच्चों को दी गई गई 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता





**जगदलपुर।** कोरोना संक्रमण के कारण पिछले दो साल में पहली बार आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में बच्चे, पालक और शिक्षक उत्साहित नजर आए। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमपुरा में आयोजित किया गया। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने बच्चों का स्वागत फूलों की माला, मिठाई, पाठ्यपुस्तक और गणवेश देकर किया।

उन्होंने सबसे पहले प्राथमिक शाला कोसाबाड़ी के दिव्यांग छात्र केवल्य सोनवानी और प्राथमिक शाला कालीपुर की छात्रा कंचन यादव का स्वागत गुलाब फूल भेंट कर किया। इस दौरान उन्होंने इस दौरान कोरोना के कारण अपने पालकों को खोने वाले बच्चों को महतारी दुलार योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति कविता साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक रामसागर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त विवेक दलेला, जिला मिशन अधिकारी अखिलेश मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर स्थित अपने निवास से वचुअली जुड़े हुए थे। संभाग के नक्सल हिंसा के कारण बंद पड़े स्कूलों के पुन: खोलने से उत्साहित विद्यार्थियों और पालकों के साथ भी इस अवसर पर चर्चा की और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

**नक्सल हिंसा के कारण बंद स्कूलों के फिर से खुलने पर बच्चों और पालकों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के बीजापुर में 156, सुकमा में 97, नारायणपुर में 4, दंतेवाड़ा व नारायणपुर में 1-1 नक्सल हिंसा के कारण बंद पड़े स्कूलों का संचालन शासन के प्रयासों से पुन: प्रारंभ कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पिछले दो साल से कोरोना के कारण प्रभावित हुए पढ़ाई की कसर को दोगुने उत्साह के साथ पढ़ाई कर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा के कारण बंद पड़े स्कूलों के मूल स्थान में पुन: संचालन की मांग को देखते हुए शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया। इससे बच्चों और पालकों में खुशी है। उन्होंने कहा कि जहां पहले गोलियों की आवाजें गुंजती थीं, वहां अब बच्चों का ककहरा सुनाई देना अच्छा लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के कारण पढ़ाई का कार्य प्रभावित हुआ। किन्तु शिक्षकों द्वारा कोरोना नियंत्रण के साथ ही बच्चों की पढ़ाई के स्तर को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रयास किए गए।

बीजापुर से वचुअली जुड़े प्रभारी मंत्री कवासी लखमा और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने स्कूलों के पुन: संचालन के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि गांवों में अब फिर से शांति आ रही है और गांवों में स्कूल, अस्पताल, राशन दुकानों के संचालन से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि इस वर्ष दसवीं में 80 प्रतिशत और बारहवीं में 85 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम बस्तर में शिक्षा के क्षेत्र में आए बदलाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को हेलीकॉप्टर में घुमाने का वादा किया है। संसदीय सचिव ने कहा कि वे भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 51-51 हजार रुपए की पारितोषिक राशि प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए जिले में युवोदय एकेडमी स्थापित की गई है, जहां मार्गदर्शन प्राप्त कर अंदरुनी गांवों के बच्चे भी सफलता की सीढ़ी चढ़ रहे हैं। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नियमित तौर पर स्कूल भेजने की अपील करते हुए बस्तर जिले के अधिक से अधिक बच्चों के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने की आशा व्यक्त की।

## एक नजर

### कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र की सभी गुफाओं में 30 सितंबर तक पर्यटन पर प्रतिबंध



**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में स्थित कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा सहित अन्य सभी गुफाओं में 30 सितंबर तक पर्यटन पर प्रतिबंध रहेगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक धम्मशील गणवीर द्वारा यह जानकारी दी गई।

### आईफोन की नकली एसेसरीज बेचने वाले 4 गिरफ्तार

बिलासपुर के मोबाइल मार्केट में धड़ल्ले से बिक रहे हैं डुप्लीकेट फोन और एसेसरीज



**बिलासपुर।** एप्पल कंपनी के क्षेत्रीय अफसरों को जानकारी मिली थी कि पुराना बस स्टैंड स्थित राजीव प्लाजा में कई मोबाइल दुकानों में एप्पल कंपनी के एसेसरीज के नकली उत्पादों को असली बताकर बेचा जा रहा है। जानकारी होने पर कंपनी के मुंबई के जांध अधिकारी विशाल सिंह राजीव प्लाजा में स्थित जय माता दी मोबाइल शाप, व्हीके मोबाइल पाइंट, व्हीके मोबाइल शाप, आशा मोबाइल पहुंचे और एप्पल के उत्पादों की जानकारी जुटाई। तब पता चला कि इन दुकानों में एप्पल कंपनी के नाम से नकली एडाप्टर, केबल, मोबाइल कवर सहित एसेसरीज बेचा जा रहा है। इसके बाद उन्होंने इस मामले की शिकायत तारबाहर थाने में की।

#### पुलिस ने दी दबिश, बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद बरामद

कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर तारबाहर ञ्जढ्ढ देवेश सिंह राठौर ने अपनी टीम के साथ मोबाइल दुकानों में दबिश दी, तब जांच के दौरान जय माता दी मोबाइल शाप, व्हीके मोबाइल पाइंट, व्हीके मोबाइल शाप, आशा मोबाइल में एप्पल कंपनी के नकली उत्पाद मिले। लिहाजा, पुलिस ने तोरवा निवासी दुकान संचालक पंकज कृपलानी (31 साल), चकरभाठा के कैलाश भगतानी (31 साल), तोरवा के दिनेश लोकवानी (38 साल) और विनोद भगतानी (35 साल) को पकड़ लिया। उनके खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### व्यापारी को मारने दुकान में घुसा दी कार

बाहर खेल रहे बच्चों को भी कुचलने की कोशिश, 2 लोगों ने मिलकर पीटा भी; गिरफ्तार



**दुर्ग।** दुर्ग जिले के रिसाली सेक्टर मार्केट स्थित कपड़े की दुकान में तेज रफ्तार कार घुसाकर व्यापारी को जान से मारने का प्रयास किया गया था। नेवई पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा कि आरोपी और कपड़ा व्यापारी के बीच आपसी लेनदेन था। इसी के चलते उसने इतना बड़ा कदम उठाया। नेवई थाना प्रभारी ममता शर्मा ने बताया कि राकेश कुमार जैन (65 साल) ने जैन मंदिर पारस धाम रिसाली निवासी विनोद पाण्डेय और उसके साथी चुम्मन साहू के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। राकेश जैन ने बताया कि उसकी बीएसपी मार्केट रिसाली में वूलन एंड टैक्सटाइल्स नाम की दुकान है। दुकान के ऊपर ही राकेश जैन का निवास है। उसका विनोद पाण्डेय से जमीन को लेकर कुछ लेन-देन हुआ था।

# फंदे पर लटके मिले गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड के शव

### घरवालों को मंजूर नहीं था रिश्ता, इसलिए दोनों ने दे दी जान



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड ने एक ही पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। दोनों के बीच काफी लंबे समय से प्रेम संबंध था, इसलिए दोनों शादी भी करना चाहते थे। घरवालों को ये रिश्ता मंजूर नहीं था। आखिरकार दोनों ने अपनी जान दे दी है। मामला कसडोल थाना क्षेत्र के साबर गांव का है। गांव के घनश्याम वर्मा (20) का प्रेम प्रसंग 17 साल की लड़की से था। दोनों हमेशा मिला भी करते थे। यह बात दोनों के घरवालों को पसंद नहीं थी। बताया जा रहा है कि किसी बहाने से गुरुवार शाम को भी दोनों अपने घर से निकल गए थे। इसके बाद देर रात तक दोनों का कुछ पता नहीं चला। दोनों के परिजनों दोनों को तलाशते रहे, फिर भी कोई जानकारी उन्हें नहीं मिली थी।

शुक्रवार सुबह जब लोग गांव में खेतों की तरफ गए थे। तब लोगों ने दोनों की लाश एक बबूल के पड़ पर लटकी हुई देखी। दोनों ने एक ही पेड़ पर अलग-अलग फंदा लगाकर जान दे दी थी। ये देखने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को इस बात की सूचना दी थी।

# शिक्षा, कौशल विकास, खेल, युवोदय अकादमी और ज्ञानगुडी के कार्यों की मासिक समीक्षा





**जगदलपुर।** जिले में शिक्षा विभाग, कौशल विकास विभाग, खेल विभाग, युवोदय अकादमी और ज्ञानगुडी के कार्यों की मासिक समीक्षा कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास ने किया। बैठक में कौशल विकास के सम्बंध ज़िले में किए जा रहे प्रशिक्षण और वीटीपी पंजीयन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही पॉलीटेक्निक और आईटीआई में आवश्यक व्यवस्थाओं और संसाधनों की कमी की लिस्टिंग कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिले में कोकून के उत्पाद बढ़ने से रेशम मिशन के तहत प्रशिक्षण देने के कहा गया। हथकरधा को भी वीटीपी ट्रेनिंग के लिए पंजीयन के साथ साथ ब्लॉक स्तर में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करने कहा गया।बैठक में प्लेसमेंट कैम्प की तैयारियों की समीक्षा किए। आजीविका मिशन के तहत विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थीयों का पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए। स्कूल से जुड़े विद्यार्थियों जो आईटीआई के कोर्स में प्रशिक्षण ले रहे है उनका प्रशिक्षण की सतत निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी करें। बैठक में शिक्षा विभाग के समीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी और डीएमसी के द्वारा आवश्यक तैयारी के साथ नहीं आने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा युपीएससी, पीएससी और अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के ज्ञानगुडी के तहत आवासीय कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है इस कार्य को एक माह में प्रारम्भ करने की समीक्षा की गई । सीईओ व्यास ने ज्ञानगुडी मे अंदरूनी इलाक़ों के युवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही आवासीय और पढ़ाई की व्यवस्था पर चर्चा किया गया। स्कूल स्तर पर खेलकूद की गतिविधि के लिए टेंलेंट सर्च कार्यक्रम किया जाने के सबंध में चर्चा किया गया। खेल विभाग के अधिकारी से खेल गतिविधि करने और मैदानों की सुरक्षा के सम्बंध समिति के माध्यम से करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय खेलकूद की प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के आयोजन करने के निर्देश दिए।

**बैठक के लिए आवश्यक तैयारी के साथ नहीं आने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और डीएमसी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश**

# शिविर में पहुंचकर उठाएं लाभ, पाएं समस्याओं का समाधान - महापौर

कोरबा । महापौर राजकिशोर प्रसाद ने सर्वमंगला एवं बांकीमोंगरा जोन के समस्त वार्डो के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि 22 जून को घुड़देवा में आयोजित होने जा रहे शिविर में वे अधिकाधिक संख्या में पहुंचे एवं शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं, शिकायतों का समाधान पाएं। उन्होने जोन के वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनगणों से भी अपील की है कि वे शिविर में अपनी उपस्थिति दें एवं जनसमस्याओं के निराकरण में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना '' सरकार तुहर द्वार '' कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वृहद समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत विगत 11 मई को कोरबा व टी.पी.नगर जोन के वार्डो के लिए तथा 25 मई को कोसाबाड़ी जोन, प.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्डो के लिए तथा 08 जून को दर्री जोन के वार्डो के लिए शिविर लगाए जा चुके हैं, इन तीनों शिविरों में हजारों की संख्या में समस्याओं का निराकरण किए जाने के साथ ही नागरिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा चुका है।

# पटवारी से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा** । छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पिपरिया थाना इलाके में बीते दिनों एक पटवारी से मारपीट की घटना प्रकाश में आयी था ,,जिसे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है , पुलिस ने बताया की प्रार्थी सुर्यकान्त सिंह राजपुत पिता महेश सिंह राजपुत उम्र 32 साल निवासी वार्ड न0 19 कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम छ0ग0 के द्वारा एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.06.22 नायाब तहसीलदार पिपरिया के लिखित आदेश पर दिलीप साहु के खसरा न0 672/1,672 / 5,673 रकबा 0.404 का मौका निरीक्षण करने गया था कि ग्राम छोटेरगरा इन्दौरी के लैनु माण्डले 02 चैनु माण्डले 03 सत्या सिंह 04 नरेश सिंह 05 मुकेश सिंह 06 निलेश सिंह सभी विवाद करने लगे तो नायाब तहसीलदार चले गये एवं पटवारी सुर्यकान्त सिंह राजपुत ग्राम इन्दौरी पेट्रोल पम्प के सामने सभी लोग एक राय होकर शासकीय कार्य में बाधा डालकर मां बहन की बुरी बुरी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का और डण्डा से मारपीट कर चोट पहुंचाये है विवेचना से आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 147, 186, 332, 353, 294, 323, 506 भादवि0 का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों को दिनांक 17.06.22 को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्याया0 पेश किया गया है। जो जेल वारण्ट बनने पर जिला जेल कबीरधाम में दाखिल किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में 18 ट्रेनें कैंसिल

### नागपुर रेल मंडल में होगा तीसरी लाइन का काम, 19 से 23 जून तक 4 पैसेंजर, 14 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द



**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने जहां सेना भर्ती में अग्निपथ योजना के विरोध के चलते बिलासपुर जोन की तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को 18 जून को कैंसिल कर दिया है। वहीं, दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे ने नागपुर रेल मंडल में तीसरी लाइन के विस्तार के नाम पर चार मेमू लोकल व 14 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ये गाड़ियां 20 से 22 जून तक कैंसिल रहेगी। वहीं, कुछ गाड़ियों को बीच रास्ते में समाप्त कर दी जाएगी।

सेना में भर्ती की नई स्कीम 'अग्निपथ योजना' के विरोध के चलते रेलवे बोर्ड को देश भर में ट्रेनें कैंसिल करना पड़ा है। स्टूडेंट आंदोलन बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में हो रहा है और वहां इसका असर ज्यादा है। छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के कारण ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेलवे में हो रहे स्टूडेंट आंदोलन के प्रभाव के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली तीन ट्रेनों को 18 जून को कैंसिल कर दिया गया है। इसके तहत 17 जून बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस और गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को रद्द करना पड़ा। इसी तरह 18 जून दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया गया है। दूसरी ओर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी रेल लाइन के काम के चलते कई गाड़ियों को 20 से 22 जून तक कैंसिल कर दिया है।

#### रदद होने वाली गाड़ियां

- 20 एवं 21 जून को दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया स्पेशल रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 जून को गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग स्पेशल रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 जून को गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-इतवारी मेमू रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 जून को इतवारी से छूटने वाली 08744 इतवारी-गोंदिया मेमू रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 जून को कोरबा से छूटने वाली 18239 कोरबा-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 जून को इतवारी से छूटने वाली 18240 इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 एवं 21 जून को बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 एवं 22 जून, 2022 को इतवारी से छूटने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जून को रीवा से छूटने वाली 11754 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जून को इतवारी से छूटने वाली 11753 इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जून को सिकंदराबाद से छूटने वाली 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 जून को रायपुर से छूटने वाली 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 19 जून को तिरुनेलवेली से छूटने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 जून को बिलासपुर से छूटने वाली 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 20 जून को पूरी से छूटने वाली 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23 जून को अजमेर से छूटने वाली 20824 अजमेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 19, 20 एवं 21 जून, 2022 को टाटानगर से छूटने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21, 22 एवं 23 जून इतवारी से छूटने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

#### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां

- 20 एवं 21 जून को मुंबई से छूटने वाली 12105 मुंबई-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस नागपुर में ही समाप्त होगी।
- 20 एवं 21 जून को गोंदिया से छूटने वाली 12106 गोंदिया-मुंबई विदर्भ एक्सप्रेस नागपुर से ही गोंदिया के लिए रवाना होगी।
- 20 एवं 21 जून को कुर्ला से छूटने वाली 11039 कुर्ला-गोंदिया महाराष्ट्र एक्सप्रेस नागपुर में ही समाप्त होगी।

# बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर बाप को मार डाला

### पकड़ी गई तो बोली-युवक से अवैध संबंध थे, बुजुर्ग मना करता था, इसलिए गला दबा दिया



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक युवती ने अपने ही पिता की गला दबाकर हत्या कर दी। बुजुर्ग पिता की गलती सिर्फ इतनी थी कि बेटी के अवैध संबंधों को लेकर वह मना करता था। इस पर बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस ने बेटी और उसके कतिथ प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मामला कुरूद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम झुरा नवागांव निवासी सत्तूराम देवदास का शव 14 जून की सुबह उसके ही घर में संदिग्ध हालत में मिला था। उसके एक दिन पहले 13 जून की रात उसकी पत्नी और एक बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर गए थे। दूसरी बेटी पार्वती(30) गांव में अपने परिवार के घर सोने के लिए गई थी। सामान्य मौत समझकर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने ले गए।

#### शव पर मिले चोट के निशान तो भाई पहुंचा थाने

श्मशान घाट पर जब सत्तूराम के शव से पहने हुए कपड़े निकाले गए तो शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। ऐसे में ग्रामीणों ने मौत को लेकर संदेह जताया। इस पर सत्तूराम को भाई ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचा और स्नढ्ढक्र दर्ज करा दी। पुलिस ने भी शव को कब्जे में ले लिया। शार्ट पोस्टमार्टम में उसकी गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई। इसकी जानकारी स्नस्रु रायपुर को दी गई और बुलाया गया।

#### संदेह के आधार पर पकड़ा तो खुला मामला

डॉग स्क्वायड भी पहुंचा। जांच के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस ने गांव के ही रोशन यादव(35) को हिरासत में ले लिया। उसने पूछताछ के दौरान सत्तूराम की बेटी पार्वती(30) के साथ मिलकर हत्या की बात स्वीकार कर ली। इस पर पुलिस ने पार्वती को भी गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि रोशन से उसके अवैध संबंध थे। इसकी जानकारी उसके पिता को हो गई थी। वह मना करता था, गालियां देता था, इसलिए मार दिया। पार्वती पति को छोड़कर घर में ही रह रही थी।

# प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही के विरुद्ध कांग्रेस का धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।







केन्द्र में बैठी मोदी सरकार ने अपने मुख्य विपक्षी पार्टी कॉंग्रेस के बढ़ते प्रभाव को शिथिल करने के लिए अपने पिटारे से ईडी, सीबीआई प्रवर्तन निदेशालय आदि तोते लोगों को कांग्रेस के नेताओं को बेबुनियाद साजिशों में फसाने के लिए उपयोग कर रही है, और कांग्रेसियों को बेवजह परेशान कर जो घटिया मानसिकता का परिचय दे रही है उसको अब आम जनता समझ चुकी है। जिस प्रकार से दो दिनों तक दिल्ली में हमारे कॉंग्रेस के अध्यक्षा सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को ईडी दफ्तर में बुलवाकर नेशनल हेराल्ड मामले में 16-18 घण्टे पूछताछ कर रही है जबकि सर्व विदित है कि नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार ना तो कोई लाभ ले रहा है ना ही कोई सरकारी एजेंसियों को जाँच में सहयोग करने से इनकार कर रहे हैं। उसके बाद भी उन्हें बार बार परेशान किया जा रहा है। जिसके विरोध में देश भर के कांग्रेसी अपने चहेते नेता के समर्थन में शांति पूर्ण प्रदर्शन करने दिल्ली पहुंचे, उन लोगों पर भी इन्होंने अपने पुलिस के माध्यम से बेरहमी से मारपीट करवाया गया। जिसकी कॉंग्रेस पार्टी विरोध करती है। उसी सब घटना क्रम को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज केंद्रीय विभाग मुख्य पोस्ट ऑफिस दफ्तर के सामने धरने पर बैठकर मोदी सरकार पर जमकर भाषण बाजी की गई। कॉंग्रेस के दिग्गजों ने अपने-अपने उद्बोधन में केंद्र सरकार द्वारा विपक्षी पार्टी के नेताओं को परेशान करने के लिए सरकारी एजेंसियों को निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए उपयोग कर, ना केवल सबको परेशान कर रहा है बल्कि सरकारी एजेंसियों की छवि को मटियामेट करने का काम मोदी द्वारा किया जा रहा है। इन्हीं मुद्दों का विरोध दर्ज करते हुए धरना देकर भारत के महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम एक ज्ञापन स्थानीय जिला प्रशासन को सौंपा। कॉंग्रेस के दिग्गजों ने अपने-अपने उद्बोधन में केंद्र सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया कि यह सरकार भारत को किस दिशा में लेकर जा रही है। मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान कैसे भटकाना है मोदी अच्छे से जानता है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रभारी महामंत्री शाखा यादव द्वारा किया गया। आज के धरना प्रदर्शन में प्रमुख वक्ताओं में, जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने ओजपूर्ण स्वर से केंद्र में बैठी बीजेपी सरकार को ललकारते हुए कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशायल द्वारा जो जांच कार्यवाही करवा रही है वह: द्वेष की भावना से उठाया गया कदम है। नेशनल हेराल्ड के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और साथ ही आरोप लगाया कि, आज अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी सारे समाचार समूहों को अपने दबाव में रखना चाहती है जो देश के चौथे स्तंभ के निजी अधिकारों का एक प्रकार से हनन है। नेशनल हेराल्ड नो प्रॉफिट नो लॉस वाली कंपनी है। 2015 में इस पर जांच हुई। जिसमें पाया गया यह प्रकरण चलने लायक नहीं है। उदयपुर में हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर पर जब भारत जोड़ो पदयात्रा का कार्यक्रम किए जाने की घोषणा से केंद्र सरकार को अपने भविष्य की परवाह होने लगी और उन्होंने पुन: जांच हेतु कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को ईडी का सम्मन भिजवाया जो द्वेषपूर्ण कार्यवाही ही है। अहंकारी भाजपा के पुलिस की एआईसीसीआई मुख्यालय में घुस कर कांग्रेस कर्मियों और नेतृत्व पर किया गया प्रहार लोकतंत्र पर प्रहार है। इसकी घोर निंदा एवं प्रतिवाद की जानी चाहिए। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष नागेंद्र नेगी ने कहा आज कांग्रेस पर झूठे प्रकरण के कारण हो रहे धरना कार्यक्रम का उद्देश्य देश में जो बीजेपी गलत माहौल बना रही है। हम सब कांग्रेस की छबि को हमेशा बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित हैं। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सन्तोष बोहिदार ने कहा कि बीजेपी शुरू से कांग्रेस को कमजोर करने की नाकाम कोशिश में लगी है जिन्होंने आजादी के आंदोलन में शून्य भूमिका भी नहीं निभाई उनके ओछी हरकतों से सब परिचित हो चुके हैं। जिस नेशनल हेराल्ड की जांच में हमारे शीर्ष नेता जांच के दायरे में है उस समूह से निकले समाचार पत्र से अंग्रेजों की चूलें हिल जाती थी उस नेशनल हेराल्ड की जांच में झूठे आरोपों से फंसाने की सुनियोजित शाजिश है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय देवांगन ने कहा कि, आज का ये 1 दिवसीय धरना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने वाली सरकार के विरुद्ध है बीजेपी को अपनी जमीन खिसकती देख झूठे आरोपों से अपने अधिनस्त सरकारी एजेंसियों द्वारा परेशान कर रही है और कहा सत्ता में बैठी सरकार हिटलरशाही सरकार है। किसान नेता जयंत बोहिदार ने कहा आज राष्ट्रव्यापी आंदोलन जो केंद्र सरकार के विरुद्ध चल रहा है वह: एक सोची समझी साजिश का हिस्सा है। झूठे प्रकरणों से सारे विपक्ष पर जो कार्यवाही कर रही है इससे न ही विपक्ष डरेगा और न ही कांग्रेस झुकेगी। इन्हें जातीयता फैलाने वाली और बुलडोजर वाली सरकार की संज्ञा से जाना जा रहा है जो तोड़ने का कार्य करती है और ये जग जाहिर है कि कांग्रेस ने हमेशा जोड़ने का कार्य किया है।

अशरफ खान ने धरना प्रदर्शन पर ईडी की कार्यवाही पर कहा आज देश मे लोकतंत्र समाप्त हो चुका है बीजेपी वाले झूठे वादों को पूरा नहीं कर रही और वह: कहती कुछ है करती कुछ है ऐसी सरकार की हम निंदा करते है। एल्डरमैन राजेन्द्र पांडेय ने कहा केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को परेशान करने के उद्देश्य से कांग्रेस के नेताओं पर झूठे प्रकरण में फंसाने की लगातार कोशिश कर रही है जो विफल साबित हो रही है। इस झूठी सरकार को देश की जनता जल्द बेदखल करेगी। जिला कांग्रेस कार्यकारणी सदस्य रिंकी पांडेय ने मोदी सरकार की तानाशाही के विरूद्ध आवाज बुलंद कर कहा ये जो कर रहे है उसके लिए ये वाक्य सही है ओह माय गॉड इनके काले कारनामों को हम जग जाहिर कर उनका असल चेहरा सामने लाएंगे। हमारी राष्ट्रीय एकता को बांटने के काम करने वाली सरकार को जड़ से उखाड़ने का वक्त आ गया है।

## एक नजर

### जिले में 14.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 17 जून तक 14.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 3.6 मिली मीटर, पुसौर में 3.1, खरसिया में 59.2, सारंगढ़ में 14.1, बरमकेला में 7.4, घरघोड़ा में 5.3, तमनार में 40.9, लैलूंगा में 2.6, धरमजयगढ़ में 11.2 सरिया में एवं छाल तहसील में 7.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### सहारा की स्कीम पूर्णता के बाद भी राशि नहीं मिलने पर अब 27 जून तक कर सकते आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड एवं सहारा ग्रुप में जमाकर्ताओं/निवेशकों को सूचित करते हुए कहा है कि उक्त सोसायटी/ग्रुप के किसी भी स्कीम में कोई राशि यदि जमा किये गये हो और स्कीम की परिपक्वता के पश्चात भी राशि वापस नहीं की जा रही है तो जमा करने के संबंध में कोई दस्तावेज हो तो संपूर्ण विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करते हुए नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र के निवेशक जिला कोषालय के आवक शाखा एवं जिला कार्यालय रायगढ़ के कमरा नंगर 28 तथा ग्रामीण क्षेत्र के निवेशक अपने जनपद कार्यालय अथवा तहसील कार्यालय में 20 जून 2022 तक आवेदन प्रस्तुत करने हेतु तिथि निर्धारित की गयी थी। किन्तु आवेदनों की अधिकता एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि को बढ़ाते हुए अब 27 जून 2022 तक नियत की जाती है। निर्धारित अवधि के पश्चात आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उस पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

### पद्म पुरस्कार के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत 'पद्म विभूषण', 'पद्म भूषण' तथा 'पद्मश्री' पुरस्कारों के लिये वर्ष 2023 हेतु नामांकन आमंत्रित किया गया है। इस पुरस्कार में 'उत्कृष्ट कार्य' को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों/ विषयों जैसे कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। वेबसाईट पर दिए गए निर्देशों को पूर्ण करने वाले इच्छुक आवेदक, अपने समस्त उपलब्धियों सहित, ऑनलाईन आवेदन पश्चात कार्यालय, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर, जिला रायगढ़ में 30 जून 2022 की शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाईट पर उपलब्ध है। पद्म पुरस्कार के लिये नामांकन केवल ऑनलाईन पोर्टल पर ही स्वीकार की जाएगी। डॉक्टरों एवं वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में काम करने वाले व्यक्तियों सहित सरकारी सेवक, पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। पद्म पुरस्कार के लिये नामांकन हेतु अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2022 है।

### ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु साक्षात्कार 27 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ ने बताया है कि मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना वर्ष 2022-23 के अंतर्गत हितग्राहियों का ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु साक्षात्कार जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के समक्ष 27 जून 2022 को दोपहर 12 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोचन नगर रायगढ़ में लिया जाएगा। नियत तिथि एवं समय पर आवेदक साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते है।

### भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

दुर्ग। जिला भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कि शुरुवात आज नगपुरा तीर्थ के दुग्गड़ भवन में हुई जिसमें उदघाटन सत्र में पंहुचे प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व लाई हुई अनेकों विकास योजनाओं एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में उन योजनाओं को लेकर हुए कामों को सामने रखा तथा विकास कार्यो व उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कि इन 8 सालो में देश की दशा व दिशा बदल गई है और लोगो का अब मोदी सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है और इसे बनाए रखना पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी है। मिशन 2023-24 को लक्ष्य मानकर कार्यकर्ताओ में राजनीतिक समझ व व्यक्तित्व विकास के लिए प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन आज कुल 06 सत्र हुए जिसमे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाणिग्रही,आईटी सेल प्रदेश प्रभारी दीपक म्हस्के, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी अवधेश जैन ने भारत का बढ़ता सुरक्षा सामर्थ्य, पिछले 8 वर्षों में अंत्योदय पहल, सोशल मीडिया की समझ, भारत की मुख्य विचारधाराएं, व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान देते हुए प्रत्येक विषय पर कार्यकर्ताओ को बारीकी से सभी पहलुओं की जानकारी दी।

# महिलाओं के मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुर्नवास विषयों पर की चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग, मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास विषय पर जिला रायगढ़ में एक कार्यशाला आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के जिला संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान के अधिकारी, मानव तस्करी रोकथाम पर कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तथा जिले के पुलिस विभाग के जवाबदार अधिकारी कार्यशाला में उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में आधुनिकीकरण, आर्थिक विकास, पलायन एवं अन्य नवीन परिदृश्य में मानव तस्करी विशेषकर महिलाओं के मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास विषय पर परिचर्चा की गयी तथा एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने पर विचार किया गया। मौजूदा कानून तथा नए लागू हुए कानून के क्रियान्वयन एवं प्रभाव तथा आवश्यक संशोधन पर भी परिचर्चा की गयी एवं कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य में मानव व्यापार विशेषकर महिलाओं के अनैतिक व्यापार की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। मानव व्यापार में सबसे अहम भूमिका प्लेसमेंट एजेंसियों की होती है, जो अच्छी नौकरी का प्रलोभन देकर मेट्रो सिटी में ले जाकर उनकी तस्करी करते है। प्रत्येक जिले में मानव व्यापार की रोकथाम हेतु निर्मित सेल की जानकारी दी गयी। साथ ही राज्य में विभिन्न शिविर के आयोजन के माध्यम से मानव तस्करी की रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु प्रचार-प्रसार एवं अन्य प्रयासों से अवगत कराया गया है। यदि कोई पीड़ित हैं तो वे छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के व्हाट्सएप कॉल सेंटर नम्बर 9098382225 पर सम्पर्क कर या संबंधित जिले के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# महिला आयोग अध्यक्ष की समझाईश पर प्रतिमाह भरण-पोषण 8 हजार रुपए देने के लिए तैयार हुआ पति

## महिलाओं को मिले त्वरित न्याय यह हमारी प्राथमिकता-डॉ.किरणमयी नायक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोग के समक्ष महिला उत्पीडन से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। सुनवाई में कुल 35 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें 25 प्रकरणों का निराकरण करते हुए नस्तीबद्ध किया गया तथा 3 प्रकरणों में त्वरित निराकरण के लिए सुनवाई रायपुर में नियत की गयी। वहीं शेष प्रकरणों पर आगामी सुनवाई की जाएगी।

डॉ.नायक ने कहा कि महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण हो तथा महिलाओं को त्वरित न्याय मिले इस दिशा में आयोग निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में जाकर जनसुनवाई की जा रही है। महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अन्याय व उत्पीड़न का असर पूरे परिवार खासकर बच्चों पर पड़ता है। इसलिए कोशिश होनी चाहिए की आपसी सलाह-मशविरे से मामलों में सुलह हो जाये। साथ ही महिलाओं के अधिकार उन्हें प्रताड़ना से बचाने के लिये है इसका दुरूपयोग पुरुषों को प्रताड़ित करने के लिये नही होना चाहिए।

### आयोग द्वारा तीन प्रकरण को डीएसपी एवं दो प्रकरण जिला संरक्षण अधिकारी को दिया गया

आयोग के समक्ष प्रस्तुत एक पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया जिसमें पति-पत्नी पिछले कुछ सालों से अलग रह रहे है। उनका एक बच्चा भी है जो मां के साथ रहता है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी बात रखी। जिस पर पति द्वारा पत्नी से आगे संबंध नहीं रखने की बात कही गयी। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ.नायक ने दोनों की काऊंसिलिंग भी करवायी जिसके पश्चात भी पति संबंध विच्छेद की बात पर कायम रहा। इस पर महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ.नायक ने उसे अपने परिवार के भरण-पोषण व बच्चे की पढ़ाई-लिखाई के लिए 8 हजार रुपये पत्नी को देने के निर्देश दिए। साथ ही पिता को बच्चे से नियमित रूप से मिलने के निर्देश दिए जिससे बच्चा पिता के स्नेह से वंचित न रहे।

आयोग के समक्ष एक आवेदिका ने ससुराल पक्ष पर 2 करोड़ रुपये दहेज मांगने की शिकायत दर्ज करायी थी। जिसकी सुनवाई में आवेदिका तथा अनावेदक दोनों की बातें सुनी गयी। जिस पर आवेदिका ने बताया कि उसे ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता है तथा धनराशि की मांग की जाती है। वहीं अनावेदक का कहना था कि उसकी पत्नी सास-ससुर के साथ नहीं रहना चाहती और पति के साथ अकेले रहने की मांग करती है। अनावेदिका ने बताया कि उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। इस पर संबंधित थाने के प्रभारी को भी मौके पर तलब कर विस्तृत जानकारी ली गयी। जिसमें यह बात निकलकर सामने आयी कि दहेज प्रताड़ना के मामलों में एफआईआर दर्ज करने के पूर्व परिवार परामर्श केन्द्र में तीन बार पति-पत्नी की काऊंसिलिंग की जाती है, इस पर भी सुलह नहीं होने पर प्रकरण दर्ज किया जाता है। पुलिस की ओर से जानकारी दी गयी कि आवेदिका द्वारा अब तक एक भी काऊंसिलिंग नहीं ली गयी है।

# शाला खुलने के प्रथम दिवस ही डीईओ व डीएमसी द्वारा किया गया शालाओं का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



लगभग 45 दिन के लंबे ग्रीष्मावकाश के बाद 16 जून को जिले के सभी विद्यालय खुल गए हैं। शासन प्रशासन व विभागीय निर्देशानुसार जिला विकासखंड संकुल व विद्यालय स्तर पर 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाने के साथ-साथ ही विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन का कार्य भी प्रारंभ किया जाना है। जिले में शैक्षणिक व्यवस्था बनाने व प्रशासनिक कसावट लाने की दृष्टि से जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ रमेश देवांगन द्वारा रायगढ़ के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शालाओं में विद्यालय की स्वच्छता, समय सारणी, दैनंदिनी, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, बच्चों का नामांकन व प्रवेश, बालवाड़ी, मध्यान्ह भोजन, शालेय पंजियों का संधारण, पुस्तकालय तथा प्रयोग शाला के रख-रखाव आदि संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रायगढ़ जिले के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल चांदमारी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक इंदिरा बालक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।



# अग्निवीरों की भर्ती का मोदी सरकार का फैसला ऐतिहासिक एवं स्वागत योग्य- विकास केडिया

## नौजवान योजना की सच्चाई को समझें और अवसर का लाभ उठाएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा युवाओं के लिये शुरू की गई अग्निपथ योजना को लेकर पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास केडिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देश के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ के माध्यम से अग्निवीरों की भर्ती करने का फैसला ऐतिहासिक और स्वागत योग्य है। युवा भाजपा नेता विकास केडिया के मुताबिक देश के युवाओं को अब पिछली भर्तियों से 3 गुना ज्यादा मौके मिलेंगे। अग्निपथ योजना के अंतर्गत 17 से 21 वर्ष आयु के नौजवान जो दसवीं, 12वीं या कोई टेक्निकल डिप्लोमा धारक हैं, ऐसे नौजवानों को अवसर मिलेंगे, यह युवा 4 साल तक सेना को सेवा देंगे। केडिया ने कहा कि लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता और प्रशिक्षण के बाद 4 वर्ष तक अच्छी सुविधा और अच्छे वेतन मिलेंगे और जब 4 साल बाद लौटेंगे तो इनको 12 लाख रुपए का पैकेज मिलेगा। जब वापस आएंगे तो उसमें भी 25: लोगों को और आगे सेवा का अवसर प्रतियोगी परीक्षा और शारीरिक दक्षता के माध्यम से मिलेगा।

### नौजवानों को कम उम्र में सेना में सेवा करने का अवसर

आगे जारी विज्ञप्ति में युवा भाजपा नेता केडिया ने कहा कि अग्निपथ योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि नौजवानों को कम उम्र में सेना में सेवा करने का अवसर मिलेगा। पहले बड़ी उम्र में मिलता था। दूसरी प्रमुख बात 4 साल बाद वापस आएंगे तो प्रदेश की अनेकों सरकारों ने जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा इत्यादि राज्यों में स्थानीय पुलिस व सहयोगी बलों में प्राथमिकता मिलेगी। पूनिया ने कहा कि 4 वर्ष बाद जब युवा वापस आएंगे तो इनको वित्तीय संस्थाएं भी संसाधन उपलब्ध करवाएंगीए जिससे अपना स्वरोजगार भी कर पाएंगे,। अन्यथा ऐसे स्किल्ड युवाओं की देश में बड़ी संख्या में जरूरत है, इनका नियोजन निश्चित रूप से हो सकेगा।

### नौजवान योजना की सच्चाई को समझें और इस अवसर का लाभ उठाएं

केडिया ने कहा कि इस योजना के बारे में जितनी चर्चा हुई है, जितनी बातें कही गई हैं इसके बारे में सेना के अधिकारियों ने भी स्पष्ट कर दिया है। राजस्थान से लेकर पूरे देश के नौजवानों ने अग्निपथ योजना का समर्थन किया है। आगे उन्होनें नौजवानों से आग्रह करते हुए कहा कि इस योजना की सच्चाई को समझें, और नौजवान इस अवसर का लाभ उठाएं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) कुनकुरी जिला जशपुर ( छ.ग. )**

रा.प्र.क्र. ....../अ-21/2021-22

ग्राम- मयाली, तहसील -कुनकुरी

श्री राजू आ. ढुमका वगैरह

उम्र 39 वर्ष जाति चीक निवासी ग्राम मयाली तहसील कुनकुरी जिला जशपुर (छ.ग.)..... आवेदक बनाम छ.ग. शासन ..... अनावेदक

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा ग्राम मयाली प.ह.नं. 12 रा.नि.म. कुनकुरी तहसील कुनकुरी जिला जशपुर (छ.ग.) की जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार आवेदकगणों के द्वारा अपने भाई के विवाह हेतु रूपयों की आवश्यकता पड़ने के कारण उस शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 38/4 रकबा 0.809 हे. भूमि को बिक्रय की अनुमति हेतु आवेदन कलेक्टर महोदय के न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने पर जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई दिनांक 20/06/2022 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। उक्त नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/06/2022 को मेरे हस्ताक्षण एवं पद मुद्रा से जारी।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
कुनकुरी जिला जशपुर (छ.ग.)

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के स्थानांतरण को रोकने ग्रामीणों ने बीएमओ एवं एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



ग्राम पंचायत दुर्गापुर एवं शाहपुर के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने बीएमओ एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि उप स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में पदस्थ स्वास्थ्य संयोजक महिला प्रिसकेला बड़ा का अन्यत्र स्थानांतरण हो गया है। जिसे स्थगीत करते हुए यथावत उप स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में ही पदस्थ रखने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रिसकेला बड़ा का कार्य अच्छा है। इनके द्वारा अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वहन किया जा रहा है। प्रिसकेला बड़ा के स्थानांतरण को निरस्त कराते हुए शाहपुर में ही यथावत रखा जाए। उपस्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में ग्राम दुर्गापुर, सलिहारी में शामिल है। वहां के ग्रामीण भी प्रिसकेला बड़ा के कार्य से संतुष्ट हैं। बता दें कि जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ द्वारा जारी आदेशानुसार उपस्वास्थ्य केंद्र शाहपुर की ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला प्रिसकेला का स्थानांतरण उपस्वास्थ्य केंद्र ओंगना किया गया है। वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला दिप्ती तिग्गा का स्थानांतरण उपस्वास्थ्य केंद्र शाहपुर कर दिया गया है। ज्ञापन देने के लिए दुर्गापुर एवं शाहपुर के पंचायत प्रतिनिधि एवं महिला पुरुष उपस्थित हुए थे।

देश के जवानों व सीमाओं से खिलवाड़ कर रही मोदी सरकार

## सेना में पूर्णकालिक भर्ती होनी चाहिए- भूपेश बघेल



**रायपुर।** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ भारत में युवाओं का विरोध बढ़ता जा रहा है। देश के कई राज्यों में इसका जमकर विरोध हो रहा है। बिहार और उत्तर प्रदेश में इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। युवाओं ने जमकर हंगामा मचा दिया है। कई जगहों पर ट्रेनों में आग लगा दी गई है। आंदोलनकारी इसे तुरंत वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार पर हमला बोला।

सीएम भूपेश बघेल ने अग्निपथ को लेकर राहुल गांधी के ट्वीट का समर्थन करते हुए कहा कि देश में पूर्णकालिक भर्ती होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि सेना में भर्ती करने के लायक आपके पास पैसे नहीं है। देश की सुरक्षा करने वाले जवानों को भर्ती करने के लिए आपके पास पैसा नहीं है। वो जज्बा लेकर देश की सीमाओं में जाते हैं। केंद्र सरकार देश के जवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। देश की सीमाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार देश की संपत्ति को बेच रही है। हम मांग करते हैं कि सेना में पूर्णकालिक भर्ती होनी चाहिए।

## ग्रामीण सड़क से मुख्य सड़क को जोड़ने का काम अधूरा, दुर्घटना की बनी संभावना

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



ठेकेदारों की मनमानी से अक्सर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निर्माण करते समय आमजनता को होने वाले समस्या से इन्हें कोई मतलब नहीं होता है। ऐसे ही परेशानी का सामना अभी बाकारुमा से लैलूंगा रोड किनारे के ग्रामीणों को करना पड़ेगा। जिसकी शुरुआत पहली बरसात से हो चुकी है। बाकारुमा से लैलूंगा तक नए सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। ठेकेदार द्वारा जरूरत के हिसाब से जगह जगह मिट्टी डालकर रोड को ऊपर किया गया है। जिससे ग्रामीण सड़क से मुख्य सड़क का जुड़ाव टूट गया है। गर्मी के दिनों में जैसे तैसे करके आवागमन हो रहा था। लेकिन अब बरसात के शुरू होते ही परेशानी शुरू हो गई है। क्योंकि किनारे मिट्टी डाल दिया गया है लेकिन उसे जमाया नहीं गया है। जिससे पानी गिरने पर पूरा कीचड़ हो रहा है। क्षेत्र की ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ठेकेदार को सूचित किया गया है। लेकिन उसके कान में जूं नहीं रेंग रहा है।

जिससे अब ग्रामीण उग्र आंदोलन करने विवश हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाकारुमा से लैलूंगा मार्ग के लिए अभी तक जनसुनवाई एवं ग्राम सभा की सहमति नहीं बन सकी है, और न ही प्रभावित भू स्वामीयों को अभी तक मुआवजा मिल पाया है। लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## हीरो कंपनी ने आयोजित किया माइलेज टेस्टिंग कैंप

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



ओम ऑटो मदनपुर में हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल का माइलेज टेस्टिंग का आयोजन मदनपुर स्थित पेट्रोल पंप में किया गया, जिसमे ग्राहकों को उम्मीद से भी अधिक माइलेज प्राप्त हुए।

माइलेज टेस्टिंग कैंप में कंपनी की टीम रायपुर से माइलेज मापने के उपकरणों के साथ पहुंची हुई थी। ग्राहकों को उनकी स्वयं की मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स की नई मॉडल में माइलेज टेस्ट कराया गया जिसमें काफी चौंकाने वाले नतीजे मिले। लगभग सभी वाहनों में 100 किलोमीटर प्रति लीटर से अधिक का माइलेज पाया गया, इस आश्चर्यचकित माइलेज को देखकर सभी ग्राहक खुशी से झूम उठे। कैंप में आए सभी ग्राहकों को फुल टंकी पेट्रोल और इनाम दिया गया।

### कर सकते हैं बचत

ओम ऑटो के संचालक जीतू गोयल ने बताया कि पेट्रोल के बढ़ते दाम को देखकर कंपनी ने ग्राहकों को लाइव डेमो के माध्यम से उपयोग हो रहे मोटरसाइकिल का माइलेज टेस्टिंग कैंप आयोजित कर ग्राहकों तक सही जानकारी साझा करने का उम्दा प्रयास किया है जिससे ग्राहक निश्चित ही हीरो की एचएफ डीलक्स नए मॉडल के वाहन का उपयोग कर भारी बचत कर सकते हैं।

## छोटा हाथी वाहन चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




छोटा हाथी वाहन चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है। जिससे बाइक चालक को गंभीर चोट आई है। घटना धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत धरमजयगढ़ कालोनी के पास हुई है। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। कमलसिंह बैगा ग्राम पण्डरीमहुआ ने शिकायत में कहा है कि 16 जून 2022 को साथियों के साथ धरमजयगढ़ आया था। वहीं कमल का दामाद धनसिंह बैगा भी श्यांग से अपने मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 12 एवाई 6352 में पीछे अपनी दीदी को बैठाकर धरमजयगढ़ बस स्टेशन छोड़ने आया था। काम होने बाद वापस घर पण्डरी महुआ जा रहे थे। आगे आगे धनसिंह बैगा अपने मोटर सायकल में जा रहा था। वहीं कमलसिंह एवं उनके साथी मोटर सायकल से उसके पीछे पीछे जा रहे थे। दोपहर करीब 2.30 बजे धरमजयगढ़ कालोनी के विकास अधिकारी के घर के पास पहुंचे थे, कि सामने से आ रहे छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 12 ए एच 8272 को चालक द्वारा तेजी व लावरवाही पूर्वक चलाते धनसिंह बैगा के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे धनसिंह नीचे गिर गया। एक्सीडेंट से धनसिंह के बांये पैर में घुटने से नीचे गंभीर चोट लगकर खून निकल रहा था एवं सीना में भी चोट लगा। तब तुरंत डायल 112 को फ ोन कर बुलाये और तुरंत ईलाज हेतु सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ ले गए। वहीं छोटा हाथी का चालक का नाम पूछे तो अपना नाम राजेश चौहान पिता जगलाल चौहान उम्र 28 वर्ष सा. भंवरखोल का निवासी बताया है। कमलसिंह के शिकायत पर धरमजयगढ़ थाने में चालक के खिलाफ 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

एक नजर

## लावातरा स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया गया तथा पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। विद्यालय के व्याख्याता भुवन लाल साहू द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व को बताते हुए नियमित उपस्थिति, अनुशासन, समय का सदुपयोग,नशा मुक्ति, हेयर स्टाइल आदि बिंदुओं पर विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही 10वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा हेतु शुरू से ही समय सारणी बनाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया तथा अच्छे अंक लाने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे एवं व्याख्याता अनुज राम साहू साहू द्वारा भी आवश्यक दिशा निर्देश विद्यार्थियों को दिया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे,व्याख्याता भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शहनाज बानो खान, शोभाश्विनी में टिया, जमुना साहू उपस्थित थी।

## शराब पीकर घर में झगड़ा करने वाले पिता को पुत्र ने डंडे से मारकर किया हत्या

### आरोपी पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



सीएसची लैलूंगा में ईलाज के लिए भर्ती कराये गये गोपाल चौहान (उम्र 42 साल) निवासी ग्राम चोरंगा थाना लैलूंगा की दूसरे दिन निधन हो गया । 15 जून 2022 को थाना लैलूंगा में मृतक के वारिसान मर्ग इंटिमेशन दर्ज कि 14 जून 2022 को गोपाल चौहान घर से निकला, शराब पीया हुआ था कि शाम को पतरापारा बगुडेगा के बीच गिरा पड़ा था जिसे उठाकर घर लाये और बेहोश अवस्था में ईलाज के लिए लैलूंगा अस्पताल भर्ती कराये थे, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गया है, मृतक शराब पीने का आदि था शराब के नशे से गिरने से ईलाज के दौरान मौत हुआ है, रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेशन दर्जकर जांच में लिया गया । इसी बीच एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को पुलिस के सहयोगी सूत्रों से जानकारी मिली कि ग्राम चोरंगा में रहने वाले गोपाल चौहान की मृत्यु संदेहास्पद है, गोपाल के घरवाले उसे शराब के नशे में पीकर गिरना बताकर आनन-फानन में उसके अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे हैं । सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी द्वारा थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एन.एस. मरकाम को स्वयं मामले की तस्दीकी का निर्देश दिये । थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के वारिसानों से बारीकी से कड़ी पूछताछ किये जिसमें घटना का खुलासा हुआ । मृतक के वारिसान बताये कि मृतक गोपाल चौहान शराब पीने का आदि था, घरेलू सामान को भी बेच कर शराब पीता था और हमेशा घर परिवारवालों को लडाई झगडा कर परेशान करता था । 14 जून 2022 को भी शराब पीकर घरपरिवार वालों के साथ लडाई झगडा कर परेशान कर रहा था तब हरिशंकर चौहान मृतक का बेटा गुस्सा में आकर डण्डा से गोपाल चौहान को मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाया जिसे लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराये थे । 16 जून 2022 को थाना प्रभारी द्वारा आरोपी हरिशंकर चौहान उम्र 27 साल पर हत्या कर साक्ष्य छिपाये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लिया गया । आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया है, जिसे गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है ।

## कारगिल चौक में नहीं प्रसाधन की सुविधा, प्रसाधन के लिए भटक रहे यात्री

जोहार छत्तीसगढ़-कोतबा।

नगर पंचायत कोतबा के मेन चौराहे पर बस यात्रियों का आना जाना सुबह से शाम तक लगा रहता है बस यात्रियों के अलावा भी अन्य यात्रियों के आवागमन के लिए कारगिल चौक मुख्य चौराहा है परन्तु देख जा रहा है की रोड चौड़ीकरण के कई सालों बाद भी चौक में प्रसाधन कि सुविधा नहीं मिल पा रही है



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

लोगों को प्रसाधन के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। कारगिल चौक के ही नाकाटाल में पिछले साल से ही शौचालय भवन बन के तैयार हो गया है परन्तु भवन सिर्फ खंडहर बनता जा रहा है। यहां कारगिल चौक में शौचालय भवन बनके तैयार होने के बाद भी लोगों को प्रसाधन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है पड़े पड़े भवन भी जर्जर होती जा रही है। भवन में पाइप लाइन बिछा कर छोड़ दिया गया है भवन को पूर्ण रूप से तैयार नही किया गया है। प्रधानमंत्री कि महत्त्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन जो कि पुरे भारत देश मे चलाया जा रहा है जाहिर सी बात है नगर पंचायत कोतबा में इसका कोई असर दिखने नही मिल रहा है अब प्रसाधन कि व्यवस्था नहीं मिलने पर जाहिर सी बात है। लोग इधर-उधर ही गंदगी करने पर मजबूर होंगे दूसरी ओर बस स्टेण्ड में बनाया गया शौचालय भी पुरी तरह गंदा पढ़ा मिलता है जिसके कारण दूसरे गांव या शहर से आये बस यात्रियों कि नजरों में नगर पंचायत कोतबा कि स्वच्छता स्वच्छ भारत मिशन को धूमिल कर रही है। कारगिल चौक व नगर पंचायत कोतबा में अभी तक पूर्ण रूप से ठीक तरह से प्रसाधन कि सुविधा नहीं मिल पा रही है। नगर पंचायत होने के बावजूद भी यहां प्रसाधन के लिए भटकना पढ़े तो फिर आम जनताओं के लिए बड़ी दिक्कत कि बात है अब देखा यह जाये कि कब तक कारगिल चौक में पढ़े खाली प्रसाधन भवन को कब सुचारु रूप से चालू किया जाता है। और कब तक लोगों को इसका लाभ मिल पाता है।

## मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने बस स्टैंड चौक में किया प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।




केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में विधायक चक्रधर सिंह सिदार के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठंडा राम बेहरा के नेतृत्व में समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय बस स्टैंड चौक में कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर राजनीतिक विद्वेष व सत्ता की ताकत का दुरुपयोग करते हुए केंद्रीय एजेंसी संस्था का गलत उपयोग किए जाने का आरोप लगाया और मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद आदि सहित कांग्रेसी पदाधिकारी एवं युवा कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in